## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से व्यापारी नेताओं ने मुलाकात की

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : नई दिल्ली में गुरुवार को भाजपा के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी से संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने मुलाकात की। उनसे मुरादाबाद में व्यापारी महा सम्मेलन में आने का आग्रह किया। व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी, प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता, महानगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल मौजूद रहे।

### पति व चार देवरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**भोजपुर, अमृत विचार** : पुलिस ने मोहल्ला बगियावाला निवासी विवाहिता की तहरीर पर पति एवं चार देवरों के खिलाफ मामूली कहासुनी होने पर मारपीट करने एव तीन तलाक देने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में पीड़िता तय्यबा ने कहा है कि गुरुवार को पति दानिश पुत्र डिस्को नजाकत से मामुली कहासुनी हो गई थी। इस पर देवरों मुन्ना, दाऊद, फिरोज एवं अफजाल ने मेरे साथ बदतमीजी करते हुए लाठी डंडों से बुरी तरह मारपीट की। मेरे मुंह पर खुली और शरीर में गुम चोटें आईं हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मैनाठेर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**मैनाठेर, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस बल द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। इस फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना, जनता के बीच सुरक्षा का भाव पैदा करना और असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देना है। इस दौरान भारी संख्या में पुलिसकर्मी और क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों से थाना प्रभारी किरनपाल सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह, अन्य पुलिसकर्मी रहे।

### भोजपुर क्षेत्र में तीन घरों में चोरी

**भोजपुर, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के गांव मोहब्बतपुर भगवन्तपुर के ग्रामीण की तहरीर पर चोरों के खिलाफ सेफ का ताला तोड़कर नगदी, सोने चांदी के जेवरात चोरी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में मुसर्रफ अली ने बताया कि गुरुवार को अपना खेती का काम करके अपने घर में सो गया था। चोरो ने सेफ का ताला तोड़कर सोने चांदी के आभूषण एवं नगदी साफ कर दी।

# रेल विकास और कर्मचारी हितों में किए कार्य गिनाए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रेल कर्मचारियों के हित और कल्याण के मुद्दे पर स्थायी वार्ता तंत्र पर चर्चा

**अमृत विचार:** डीआरएम कार्यालय के मनन सभागार में दो दिवसीय स्थायी वार्ता तंत्र की शुरुआत गुरुवार को हुई। मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में नार्दन रेलवे मेंस यूनियन के पदाधिकारियों के साथ वार्ता में रेल विकास और कर्मचारी हितों में किए गए कार्यों को डीआरएम ने गिनाया।

रेल संबंधी विकास और कर्मचारियों के कल्याण के लिए किए गए कार्यों को बैठक में बताया गया। यूनियन के पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को रेल अधिकारियों के सामने रखा।

इसे नियमानुसार पूरा करने का आश्वासन दिया गया। मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव ने कहा कि सुगम और सुगठित रेल प्रणाली के संचालन और कर्मचारी हितों को ध्यान में रखते हुए उनको लाभान्वित करने के दृष्टिकोण से यह दो दिवसीय वार्ता तंत्र आयोजित किया गया है।

पहले दिन अपर रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) प्रेम शंकर झा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (ओपी) पारितोष गौतम के अलावा अन्य रेल अधिकारी और नार्दन रेलवे मेंस यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष एमपी चौबे, मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा, मंडल मंत्री राजेश चौबे सहित अन्य शाखाओं के शाखा अध्यक्ष और शाखा मंत्री मौजूद रहे।

## इलाज के लिए स्टेशनों पर दवाओं के लिए हरिद्वार, बरेली, ऋषिकेश स्टेशन पर प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र स्थापित

# कुंभ के चलते हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर स्लीपिंग पॉड प्रस्तावित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


डीआरएम विनीता श्रीवास्तव।

| | |
|---|---|
| 619 | किलोवाट का सोलर प्लांट 8 स्टेशनों पर स्थापित |
| 132 | किमी ट्रैक नवीनीकरण |
| 13 | लेवल क्रॉसिंग बंद |
| 52.47 | किमी में ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग लागू |

- मुरादाबाद, बरेली, हरिद्वार और देहरादून रेलवे स्टेशनों पर 24x7 मेडिकल सुविधा उपलब्ध
- देहरादून और हरिद्वार स्टेशन पर बैटरी वाहन, हरिद्वार-शाहजहांपुर में ईवी चार्जिंग की सुविधा

**अमृत विचार :** हरिद्वार में 2027 में होने वाले कुंभ को देखते हुए रेल प्रशासन स्टेशनों पर अत्याधुनिक यात्री सुविधाएं तेजी से बढ़ा रहा है। हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर स्लीपिंग पॉड प्रस्तावित किया गया है। इसके अलावा सफर के दौरान बीमार पड़ने पर इलाज के लिए स्टेशनों पर दवाओं के लिए हरिद्वार, बरेली, ऋषिकेश स्टेशन पर प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र भी स्थापित किए गए हैं।

उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के 22 जिलों तथा 25 लोकसभा क्षेत्रों में फैले मुरादाबाद रेल मंडल के अन्तर्गत आने वाले स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं को निरंतर बेहतर किया जा रहा है। अगले साल हरिद्वार में होने वाले कुंभ की तैयारियों में रेल प्रशासन पूरी तन्मयता से जुटा है। हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर स्लीपिंग पॉड प्रस्तावित किया गया है। इसके अलावा सफर के दौरान बीमार पड़ने पर इलाज के लिए स्टेशनों पर दवाओं के लिए हरिद्वार, बरेली, ऋषिकेश स्टेशन पर प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र भी स्थापित किया गया है।

वहीं 24x7 मेडिकल सुविधा मुरादाबाद, बरेली, हरिद्वार और देहरादून में उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा रेल मंडल के देहरादून और हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर बैटरी वाहन के साथ ही हरिद्वार और शाहजहांपुर पर ईवी चार्जिंग सेवा भी मिलेगी। हरिद्वार व देहरादून स्टेशनों का पुनर्विकास प्रस्तावित है। जिसके संबंध में कार्य जारी हैं। डीआरएम विनीता श्रीवास्तव का कहना है कि अगले साल हरिद्वार में कुंभ को देखते हुए रेलवे स्टेशनों का सौंदर्यीकरण व रेल सेवाओं का विस्तार तेजी से कराया जा रहा है। कुंभ स्पेशल ट्रेनें भी समयानुसार चलाई जाएंगी।

### अवसंरचना विकास एवं उन्नयन

इसके अन्तर्गत 17 स्टेशनों पर एबीएसएस के तहत सॉफ्ट अपग्रेडेशन कार्य जारी है। बिजनौर स्टेशन चालू है और धामपुर स्टेशन उच्च सेवा के लिए तैयार है। वहीं हर्रावाला, नगीना, कोटद्वार कार्य प्रगति पर है। इस साल जून तक सभी कार्य पूरे हो जाएंगे।

### यह भी उपलब्धि

- रूड़की–देवबंद नई लाइन (29 .55 किमी) का उद्घाटन
- खड़कौदा स्टेशन पर अतिरिक्त लूप लाइन
- देहरादून में इलेक्ट्रिक लोको पिट स्थापित
- चंदौसी में टॉवर वैगन शेड स्थापित

# बिजली विभाग की मनमानी पर बिफरे एमएलसी

## बिलारी क्षेत्र में एक उपभोक्ता से मनमाने तरीके से रुपये लेने और काजीपुरा में कनेक्शन देने में देरी पर नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


बैठक में मौजूद अधिकारी और जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार



जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति की बैठक में मौजूद एमएलसी।

- स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता और प्रीपेड मीटर की विसंगतियों के साथ जर्जर सड़कों का गूंजा मुद्दा
- एमएलसी व्यस्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति की बैठक

**अमृत विचार:** जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति की बैठक गुरुवार को सर्किट हाउस सभागार में हुई। अध्यक्षता विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने किया। बिजली विभाग की कार्यशैली पर जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी दिखाई। साथ ही जर्जर सड़कों का मुद्दा भी गूंजा। बिलारी क्षेत्र के उपभोक्ता से मनमाना रुपये लेने की शिकायत पर विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान बिफर पड़े। चेतावनी दी कि यदि संबंधित के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो वह अधिकारियों के खिलाफ धरने पर बैठने को मजबूर होंगे। हालांकि बैठक की अध्यक्षता कर रहे विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने मामला संभाला और प्रभावी कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

सबसे पहले लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा हुई। जिले की कई सड़कों का मुद्दा उठा। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया कि कांठ रोड पर अगवानपुर तक में 700 मीटर की सड़क बनवा दिया गया है। हरथला सब्जी मंडी के सामने से लोधीपुर विशनपुर की सड़क स्वीकृति मिलने की जानकारी दी। साथ ही बताया कि फत्तेपुर से जेवड़ा तक वाली सड़क कार्ययोजना में शामिल है, लेकिन स्वीकृति नहीं मिली है। वहीं गागन नदी पर नये मुरादाबाद होते हुए खदाना गांव वाली महत्वपूर्ण सड़क का निर्माण प्रस्ताव दिया गया है। इस पर एमएलसी डा. व्यस्त ने सड़कों की स्वीकृति के लिए विभागीय स्तर पर अतिरिक्त प्रयास करने के लिए निर्देश दिया। कहा जहां जरूरत हो वह स्वयं सहयोग करेंगे।

हरथला सब्जी मंडी के सामने से लोधीपुर विशनपुर की सड़क स्वीकृति मिलने की जानकारी लोनिवि के अधिकारी ने दी। बताया कि रामपुर दोराहा से सिरसुआ मार्ग सेहल गांव तक क्षतिग्रस्त है। इसमें नाली टूटी होने से पानी सड़क पर बहता है। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारी को इसे दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। अधिकारी ने नाली सफाई की जरूरत बताई। इस पर एमएलसी गोपाल अंजान ने कहा कि तकनीकी कमियों को अधिकारी आपसी समन्वय से दूर करें। एमएलसी ने काजीपुरा में बिजली कनेक्शन में देरी का मुद्दा भी उठाया।

बिजली विभाग की समीक्षा में स्मार्ट मीटर, प्रीपेड मीटर का मुद्दा उठा। कांठ विधायक कमाल अख्तर ने सवाल पूछा कि जब केंद्रीय ऊर्जा मंत्री सदन में वक्तव्य दे चुके हैं कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगवाना उपभोक्ता के लिए अनिवार्य नहीं है, फिर विभाग उपभोक्ताओं पर दबाव बनाकर उत्पीड़न क्यों कर रहा है। इस पर अन्य जन प्रतिनिधियों ने भी समर्थन किया। कहा कि इसके संबंध में गाइडलाइन क्या है। इस पर विभाग के अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय मंत्री के वक्तव्य के संबंध में कोई पत्र नहीं मिला है। इस पर अन्य जनप्रतिनिधियों ने कहा कि विभाग से स्पष्ट गाइडलाइन आने तक स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगवाने का कार्य रोक दें। वहीं पुराने मीटर के रिप्लेसमेंट में कोई शुल्क नहीं होने की जानकारी बिजली विभाग के अधिकारी ने दी। बैठक में विधान परिषद सदस्य सत्यपाल सैनी, मुरादाबाद ग्रामीण विधायक नासिर कुरैशी, महापौर विनोद अग्रवाल, सदर ब्लॉक प्रमुख मनीष कुमार सिंह, कुंदरकी विधायक के प्रतिनिधि के साथ ही मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी सहित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# अवैध रूप से दोबारा चालू हुआ आरव नर्सिंग होम फिर सील

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बिना डॉक्टर के किया जा रहा था संचालन, ओटी का सामान जब्त कर दोबारा की कार्रवाई

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग की सख्ती के बावजूद नियमों की अनदेखी का मामला सामने आया है। कुंदरकी में पिछले माह बिना रजिस्ट्रेशन के चलते सील किए गए आरव नर्सिंग होम को संचालक ने सील तोड़कर दोबारा संचालित कर दिया। इसकी शिकायत मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर छापा मारा।

डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल, डॉ. आरके शर्मा और डॉ. नवल किशोर निरीक्षण के लिए नर्सिंग होम पहुंचे। जांच के दौरान वहां कुल नौ मरीज भर्ती मिले, जिनमें से दो मरीजों की सर्जरी की जा चुकी थी, जबकि सात अन्य बीमारियों से ग्रसित थे। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि निरीक्षण के समय नर्सिंग होम में कोई भी डॉक्टर मौजूद नहीं मिला। इस लापरवाही को गंभीर मानते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ऑपरेशन थिएटर (ओटी) का पूरा सामान जब्त कर लिया। इसके बाद नर्सिंग होम को दोबारा सील कर दिया गया। डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल ने बताया कि बिना रजिस्ट्रेशन और नियमों के विरुद्ध संचालन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे संस्थानों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### बिना रजिस्ट्रेशन चल रही पैथोलॉजी लैब पर छापा

भूड़े के चौराहा स्थित अर्बन पैथोलॉजी लैब के बिना रजिस्ट्रेशन संचालित होने की शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई की। डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर छापा मारा। जांच में लैब बिना वैध अनुमति के संचालित पाई गई, जिसके बाद वहां मौजूद सभी उपकरण और जांच संबंधी सामान जब्त कर लिया गया। बताया कि अवैध रूप से चल रही लैब और नर्सिंग होम के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# दिव्य योग केंद्र ने लोगों को बनाया निरोगी

- पतंजलि योगपीठ के प्रतिनिधि मंडल ने डाला प्रकाश



दिव्य योग केंद्र मंडी बांस में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दिव्य योग केंद्र मंडी बांस में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से आए प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी में कार्यों पर प्रकाश डाला गया। प्रतिनिधिमंडल में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट उत्तर प्रदेश के प्रभारी सुनील शास्त्री, दयाशंकर आर्य पतंजलि किसान सेवा समिति प्रभारी और जितेंद्र आर्य भारत स्वाभिमान ट्रस्ट मुरादाबाद के अध्यक्ष मौजूद रहे।

इसकी शुरुआत ओमकार और गायत्री मंत्र के पाठ से किया गया। योग विशेषज्ञ डॉ. मनोज रस्तोगी ने बताया कि दिव्य योग केंद्र मंडी बांस 27 वर्षों से चल रहा है। इसमें योग द्वारा हजारों लोगों को निरोगी और स्वस्थ बनाया गया है। योग, प्राणायाम के द्वारा जीवन में पूर्णतया निरोगगता और आरोग्यता आने की जानकारी दी गई।

जितेंद्र आर्य ने योग व प्राणायाम के महत्व और निरोगता पर प्रकाश डाला। बताया कि 19 अप्रैल को पंचायत भवन में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक वृहद योग सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

इसमें पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मुख्य केंद्रीय प्रभारी राकेश कुमार उपस्थित रहेंगे। स्वामी रामदेव कार्यक्रम में स्क्रीन पर लाइव रहेंगे। इस दौरान सुमन रस्तोगी, रविंद्र रस्तोगी, नीरू रस्तोगी, रश्मि रस्तोगी, आयुषी रस्तोगी, गीता अरोड़ा, रेनू ग्रोवर, नलिनी वर्मा, भारती टंडन की मौजूदगी रही।

# दिव्यांग बच्चों की पहचान को शुरू किया सर्वे

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शिक्षा विभाग द्वारा जनपद में दिव्यांग बच्चों की पहचान और उन्हें बेहतर शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष सर्वे अभियान शुरू किया गया है। सर्वे 1 अप्रैल से प्रारंभ हुआ है और सितंबर तक जारी रहेगा।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने गुरुवार को बताया कि अभियान के तहत 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का 'समर्थ' ऐप के माध्यम से परीक्षण किया जा रहा है। निर्धारित 21 बिंदुओं पर बच्चों की दिव्यांगता का आकलन कर संबंधित डेटा पोर्टल पर अपडेट किया जाएगा, जिससे उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। बताया कि वर्तमान सत्र 2025-26 में जनपद के 4,645 दिव्यांग बच्चों को शिक्षा सहित अन्य सुविधाएं प्रदान की।

# माहेश्वर जी रच गए मृदु रचना संसार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- दादा के नवगीतों में मिट्टी की सुगंध अपने समय के युगबोध और मूल्यबोध के साथ उपस्थित
- यशभारती माहेश्वर तिवारी की द्वितीय पुण्यतिथि पर ऑन लाइन संगोष्ठी की आयोजित

**अमृत विचार :** मंडल के साहित्य के संरक्षण एवं प्रसार को समर्पित न्यास साहित्यिक मुरादाबाद की ओर से गुरुवार को प्रख्यात साहित्यकार स्मृतिशेष यशभारती माहेश्वर तिवारी की द्वितीय पुण्यतिथि पर ऑन लाइन संगोष्ठी की गई।

साहित्यिक मुरादाबाद के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मनोज रस्तोगी ने उनके कृतित्व पर प्रकाश डाला। कहा कि नवगीत के आधार स्तम्भों में एक यशभारती माहेश्वर तिवारी का जन्म 22 जुलाई 1939 को जनपद बस्ती (संत कबीर नगर) के ग्राम मलौली में हुआ। वह वर्ष 1977 में मुरादाबाद आए और यहीं के स्थायी निवासी हो गए। उनकी प्रकाशित कृतियां हरसिंगार कोई तो हो, सागर मुद्राओं पर तर्जनी, नदी का अकेलापन, सच की कोई शर्त नहीं, फूल आए हैं कनेरों में, एक चिड़िया धड़कनों में तथा धूप पर कुहरा बुना है हैं। देश के कई विश्वविद्यालयों के स्नातक तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में आपकी रचनाएं सम्मिलित हैं। उनका देहावसान 16 अप्रैल 2024 को हुआ।

साहित्यकार योगेन्द्र वर्मा व्योम ने कहा कि दादा माहेश्वर तिवारी के नवगीतों में मिट्टी की सांस्कृतिक सुगंध अपने समय के युगबोध और मूल्यबोध के साथ उपस्थित है, कथ्य और शिल्प में प्रयोगवादी स्वर है तो नवता के साथ। उन्होंने अपने नवगीतों में वर्तमान परिवेश के लगभग हर पहलू को सार्थक अभिव्यक्ति दी है। रामपुर के साहित्यकार रवि प्रकाश ने भी अपनी रचना के माध्यम से श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कवयित्री मीनाक्षी ठाकुर ने कहा...एक तुम्हारे जाने भर से, सूनापन उतरा मन में। गीत थमा, संगीत थमा है, शब्द अचंभित मौन खड़े।

अफजलगढ़ (बिजनौर) के साहित्यकार डॉ अशोक रस्तोगी ने उनके संस्मरण प्रस्तुत किया। कहा कि महेश्वर तिवारी सरलता और सादगी के पर्याय थे। राजीव प्रखर ने उन्हें युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया। संगोष्ठी में नकुल त्यागी और नृपेंद्र शर्मा सागर ने भी विचार व्यक्त किए।

# सस्ती मिलेंगी एनसीईआरटी आधारित किताबें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा जिले में पुस्तक मेला आयोजित करने की तैयारी है। इसके माध्यम से अभिभावकों को सस्ती दरों पर एनसीईआरटी आधारित किताबें उपलब्ध कराई जाएंगी।

जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि यह किताबें एनसीईआरटी की मूल पुस्तकों के मुकाबले भी कम दामों में उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ कम होगा। मेले में एनसीईआरटी आधारित पुस्तकों की उपयोगिता और उनके चयन के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। जिले में दो अधिकृत पुस्तक विक्रेता गर्ग पुस्तक भंडार,आदर्श पुस्तक भंडार खुशहालपुर को इन किताबों की बिक्री के लिए चुना गया है।

# अंग्रेजी के व्यावहारिक ज्ञान से बढ़ेगा आत्मविश्वास

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद।

- तीन दिवसीय इंग्लिश वर्कशॉप का शुभारंभ

**अमृत विचार:** साहू रमेश कुमार गर्ल्स इंटर कॉलेज में गुरुवार को तीन दिवसीय इंग्लिश वर्कशॉप का शुभारंभ किया गया। इसका उद्देश्य छात्राओं को अंग्रेजी भाषा में दक्ष बनाना है।

कॉलेज की प्रधानाचार्या अर्चना साहू ने बताया कि वर्तमान समय में अंग्रेजी भाषा का ज्ञान हर क्षेत्र में आवश्यक हो गया है। जो छात्र अंग्रेजी में दक्ष हो जाते हैं, उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि छात्राओं को अंग्रेजी का अधिक से अधिक व्यावहारिक ज्ञान देना जरूरी है, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के दौरान अंग्रेजी व्याकरण के बेसिक नियमों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसमें महत्वपूर्ण विषयों को शामिल करते हुए छात्राओं को प्रैक्टिकल तरीके से अंग्रेजी सिखाई जा रही है। मजबूत ग्रामर आगे की पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहद जरूरी है। कार्यशाला में अंग्रेजी शिक्षिका सिम्मी कंसल ने टेंस (काल) के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि टेंस अंग्रेजी व्याकरण की नींव हैं। जिस प्रकार एक बच्चा अल्फाबेट से पढ़ाई शुरू करता है,उसी प्रकार अंग्रेजी में दक्षता प्राप्त करने के लिए टेंस का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदी के साथ अंग्रेजी का संतुलन बनाना समय की मांग है। इस अवसर पर प्रबंध समिति के सदस्य गोरांग साहू,राधिका साहू,मुख्य वक्ता सिम्मी कंसल, डॉ. श्वेता गुप्ता,ऋतु जोशी,पूजा वर्मा, पुष्पा तथा निमित जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

**प्रतियोगिता** | गोरखपुर ने झांसी और कानपुर ने बस्ती मंडल को एकतरफा मुकाबले में हराया

# सेमीफाइनल में पहुंचे गोरखपुर और कानपुर मंडल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


एमपीएस मैदान पर आयोजित अंतर मंडलीय फुटबॉल चैंपियनशिप में खेलते खिलाड़ी।

- अंडर-20 अंतर मंडलीय फुटबॉल चैंपियनशिप के चौथे दिन खेले गए दो मुकाबले

**अमृत विचार :** अंडर-20 अंतर मंडलीय प्रदेश स्तरीय फुटबॉल चैंपियनशिप के चौथे दिन गुरुवार को दो मुकाबले खेले गए, जिनमें गोरखपुर और कानपुर मंडल की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

पहला मुकाबला झांसी मंडल और गोरखपुर मंडल के बीच खेला गया। इस मैच में गोरखपुर मंडल ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए झांसी को 4-0 से हराकर अगले दौर में जगह बना ली। दूसरा मुकाबला कानपुर मंडल और बस्ती मंडल के बीच खेला गया। मुकाबले में दोनों टीमों ने अच्छा खेल दिखाया, लेकिन बस्ती मंडल के खिलाड़ी कई मौकों पर गोल करने में असफल रहे, जिससे टीम पर दबाव बना रहा। इसका फायदा उठाते हुए कानपुर मंडल ने 5-0 से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। निर्णायक की भूमिका हाजी मुनव्वर, निताई सरदार, सौरभ कुमार सिंह, रमेश जैसल, मुहम्मद अकीब, मोहम्मद फरमान, सानिया सलीम व निशिता सिंह ने निभाई। महिला विंग की सचिव माधुरी देवी ने प्रतियोगिता में आए अतिथियों का स्वागत किया, जबकि संचालन महासचिव मुहम्मद नासिर कमाल ने किया। इस अवसर पर जिला फुटबॉल एसोसिएशन अमरोहा के सचिव मुहम्मद नसीम इकबाल, एमपीएस के कन्वीनर सुशील सिंह, प्रधानाचार्य शकील अहमद, जिला फुटबॉल एसोसिएशन मुरादाबाद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष उस्मान खान, कोषाध्यक्ष शुजा उद्दीन खान, संरक्षक मंसूर अली, उप्र फुटबॉल संघ से आरिफ नजमी मौजूद रहे।

### आज होंगे सेमी फाइनल मुकाबले

चैंपियनशिप अब निर्णायक चरण में पहुंच चुकी है। शुक्रवार को दोनों सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे, जिनमें चारों मजबूत टीमें फाइनल में जगह बनाने के लिए आमने-सामने होंगी। पहला सेमीफाइनल मैच सुबह 8 :30 बजे किक-ऑफ होगा, जबकि दूसरा मुकाबला इसके बाद खेला जाएगा। सेमीफाइनल की विजेता टीमें शनिवार को फाइनल में खिताब के लिए भिड़ेंगी।

# तेंदुए ने बच्चे पर किया हमला, गंभीर घायल

संवाददाता, कांठ


घायल बच्चे का हाल जानते थाना प्रभारी।

**अमृत विचार:** क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर में आदमखोर तेंदुए ने हमला कर एक पांच वर्षीय बालक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है।

गुरुवार को क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर के जंगल में समय करीब 7:30 बजे लाभांश पुत्र राजीव कुमार उम्र करीब 5 वर्ष निवासी ग्राम सलेमपुर पर जब अपने परिवार के साथ खेत पर गया था। तेंदुए ने गन्ने की फसल से अचानक बच्चे पर हमला कर घायल कर दिया। बच्चे के सर में चोट के निशान हैं। घायल को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह बच्चे का हाल-चाल लेने पहुंचे। प्राथमिक उपचार के उपरांत उसे मुरादाबाद जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया है। तेंदुए द्वारा बच्चे को हमला कर घायल कर देने की पिछले एक माह के भीतर यह चौथी घटना है। लगातार आदमखोर तेंदुए के हमले से बच्चों को घायल कर देने के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। डिप्टी वन रेंजर पुष्पेंद्र सिंह का कहना है कि अधिकांशतः जहां पिंजरा लगा होता है। तेंदुआ वहां से अपना स्थान छोड़ जाता है।

## शहर में आज

- भारत समर्पित फाउंडेशन की ओर से साहित्य सृजन अमृत ज्ञान का लोकार्पण समारोह पंचायत भवन सभागार में 11:00 बजे।
- अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर निकट पीतल बस्ती रोडवेज बस स्टेशन पर मासिक भंडारा दोपहर 12:00 बजे।
- डिस्ट्रिक्ट इन्कम टैक्स बार एसोसिएशन की मीटिंग सिल्वर स्पून रेस्टोरेंट में शाम 6:00 बजे।

## न्यूज ब्रीफ

### महिलाओं को ड्राइविंग प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ड्राइविंग माई ड्रीम, स्किल मिशन शक्ति जन जागरूक अभियान के अंतगर्त महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 17 अप्रैल से विशेष ड्राइविंग प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा। इसमें महिलाओं को वाहन चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। महिला कल्याण विभाग के वन स्टॉप सेंटर की मनो सामाजिक परामर्शदाता तनिशा दिवाकर ने बताया प्रशासन द्वारा प्रशिक्षकों का चयन किया जाएगा। वयस्क महिलाओं के ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए महिला कल्याण विभाग की आरटीओ कार्यालय अधिकारी कर्मचारियों द्वारा शुक्रवार को दयानंद डिग्री कॉलेज में कैंप लगाया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक जनपद में कम से कम 100 महिलाओं और बालिकाओं को प्रशिक्षित करने के साथ उनके ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### रुचि स्टेट एलाइड एंड हेल्थकेयर काउंसिल में सदस्य नामित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ एलाइड हेल्थ एंड साइंसेज में एमएलटी की एचओडी प्रो. रुचि कांत को उत्तर प्रदेश स्टेट एलाइड एंड हेल्थकेयर काउंसिल में मेडिकल लेबोरेट्री एंड लाइफ साइंसेज प्रोफेशनल्स की श्रेणी में सदस्य नामित किया गया है। यह काउंसिल नेशनल कमीशन फॉर एलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशंस के अंतर्गत संचालित होती है। उनका कार्यकाल दो वर्ष का होगा। वह नौ वर्ष से तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में कार्यरत हैं।

### अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस पहुंचा, आने वाले दिनों में 40 पार जाने के आसार

# मौसम : चढ़ा पारा, चटख धूप ने बदन झुलसाना शुरू किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** गर्मी ने अब तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। चटख धूप और तेज गर्म हवा ने गुरुवार को लोगों को बेहाल कर दिया। दोपहर के समय सड़कों पर चहल-पहल कम रही। जो लोग जरूरी काम से बाहर निकले, वह पसीने से तर-बतर नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार दिन का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रहा।

सुबह से ही सूरज की तीखी किरणों ने लोगों को गर्मी का अहसास करा दिया था। दिन चढ़ने के साथ तापमान बढ़ता गया। दोपहर में धूप में खड़े रहना भी मुश्किल हो गया। बाजारों और प्रमुख चौराहों पर दोपहर में भीड़ कम रही। लोग सिर ढककर और पानी की बोतल साथ लेकर ही घरों से निकले। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले सप्ताह में गर्मी और बढ़ेगी। अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 25 डिग्री सेल्सियस तक जाने की संभावना है। इससे दिन के साथ-साथ रात में भी गर्मी का असर महसूस होगा।


कड़ी धूप में स्कूटी सवार महिला।

**ठंडे पेय पदार्थों की बढ़ी मांग**

गर्मी बढ़ने के साथ ही बाजार में ठंडे पेय पदार्थों, आइसक्रीम और जूस की मांग में तेजी आ गई है। सड़क किनारे लगे ठेलों पर लोगों ने शरबत, नींबू पानी और ठंडे पेय का आनंद लिया। दुकानदारों का कहना है कि तापमान बढ़ने के साथ बिक्री बढ़ रही है।

### बरतें सावधानी

चिकित्सकों का कहना है कि इस बढ़ती गर्मी में लापरवाही स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकती है। दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच बाहर निकलने से बचें। जनरल फिजिशियन डॉ. आशीष कुमार सिंह ने बताया कि हल्के और सूती कपड़े पहनें, ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं और धूप में निकलते समय सिर को ढककर रखें। वहीं, पानी की कमी होने पर ओआरएस के घोल का सेवन कर सकते हैं।

### गर्मी बढ़ी तो हिट हुआ मिट्टी का घड़ा



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अप्रैल की तेज होती गर्मी के साथ ही लोगों ने ठंडे पानी के लिए पारंपरिक विकल्प मिट्टी के घड़ा को अपनाना शुरू कर दिया है। मिट्टी के घड़े, सुराही और मटकों की बिक्री में अचानक उछाल आ गया है। सुबह से लेकर देर शाम तक दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। प्राकृतिक ठंडक, बेहतर स्वाद और कम कीमत के कारण घड़ा लोगों की पहली पसंद बनता जा रहा है। ताड़ीखाना, कोर्ट रोड, आशियाना, पीतल नगरी, बंगला गांव समेत प्रमुख बाजारों में घड़े की दुकानों पर खरीदारों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिल रही है। दुकानदारों का कहना है कि पिछले एक सप्ताह में बिक्री करीब दोगुनी हो गई है। ताड़ीखाना पर कुम्हार सोनू कुमार बताते हैं इस बार गर्मी ने जल्दी असर दिखाया है। पहले जहां हफ्ते में जितना माल बिकता था, अब वह दो-तीन दिन में ही खत्म हो रहा है। आशियाना में विक्रेता कोमल का कहना है कि नई डिजाइन और वेरायटी ने ग्राहकों को ज्यादा आकर्षित किया है। अब बाजार में साधारण घड़ों के साथ नल वाले मटके, रंगीन और डिजाइनर घड़े भी उपलब्ध हैं। बाजार में घड़ों की कीमत आकार और डिजाइन के हिसाब से 150 रुपये से लेकर 500 रुपये तक है। डॉक्टरों के अनुसार घड़े का पानी शरीर के लिए संतुलित और फायदेमंद होता है।

## कार्रवाई : 16 थानों के 46 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** काम में लापरवाही और जनता से दुर्व्यवहार की शिकायतें पुलिसकर्मियों को भारी पड़ गईं। एसएसपी सतपाल अंतिल ने जनपद के 16 थानों में तैनात 46 पुलिसकर्मियों को एक साथ लाइन हाजिर कर दिया।

कार्रवाई के तहत 22 हेड कांस्टेबल और 24 सिपाहियों को थानों से हटाकर पुलिस लाइन भेजा गया है। बताया जा रहा है कि इन पुलिसकर्मियों के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही थीं। कुछ पर जनता के साथ अभद्र व्यवहार करने के आरोप थे, जबकि कई कर्मी अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरत रहे थे। एसएसपी सतपाल अंतिल ने स्पष्ट कहा कि ड्यूटी में लापरवाही, मनमानी और अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# महिलाएं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं : गुलाब देवी

### राज्यमंत्री बोलीं, नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के आत्मसम्मान, स्वाभिमान और उज्ज्वल भविष्य की गारंटी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को भाजपा महानगर की ओर से पंचायत भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी रहीं। कार्यक्रम का आयोजन बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की महानगर संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता की अध्यक्षता में हुआ। इसकी शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुआ।

मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की महिलाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर एवं निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में ऐतिहासिक एवं युगांतकारी कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश की मातृशक्ति को सम्मान, अधिकार एवं अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। यह अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मसम्मान, स्वाभिमान और उनके उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है। उन्होंने सभी महिलाओं से आह्वान किया कि वे आगे बढ़कर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं और इस ऐतिहासिक पहल का व्यापक समर्थन करें। कार्यक्रम संयोजक एवं अध्यक्षता कर रही अल्पना रितेश गुप्ता ने कहा कि यह अधिनियम नारी सशक्तिकरण के नए युग की शुरुआत है, जिससे महिलाओं को समाज एवं राजनीति में नई दिशा और अवसर प्राप्त होंगे। महिला मोर्चा की पूर्व महानगर अध्यक्ष प्रेमवती उपाध्याय, भाजपा क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर, भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल, स्नेह प्रोजेक्ट की डायरेक्टर शिखा गुप्ता, महिला उद्यमी नैंसी अग्रवाल, महिला उद्यमी पायल रस्तोगी, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. नीतू रस्तोगी, वीना अरोड़ा ने अधिनियम के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं 9667173333 नंबर पर मिस्ड कॉल के माध्यम से समर्थन दर्ज कराने का आह्वान किया।

प्रेमवती उपाध्याय ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर आधारित प्रभावशाली काव्य पाठ प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन योग प्रशिक्षक रितु नारंग ने किया। अंत में भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने सभी अतिथियों, मातृशक्ति का आभार जताया। इस अवसर पर अभियान संयोजक विशाल त्यागी, विजय लक्ष्मी पंडित, सुनीता शर्मा, अभिषेक चौबे, अर्चित गुप्ता, हेमा खत्री, सिमरन कौर, पूर्णिमा खन्ना, रंजना शर्मा, दीपा गुप्ता, रचना अग्रवाल, शशी किरण, वनिता मल्होत्रा, उर्वशी शुक्ला, सुनीता सैनी, क्षमा अग्रवाल, पंकज शर्मा, शिखा परमार, कमला वर्मा, अश्वनी शर्मा, दीक्षांत चौधरी, अमित शर्मा, शीतल राजपूत एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति, महिला उद्यमी, विभिन्न क्षेत्रों की प्रबुद्ध महिलाएं, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में संबोधित करती मंत्री गुलाब देवी। ● अमृत विचार

● बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ ने पंचायत भवन में आयोजित किया कार्यक्रम

### मानव श्रृंखला बनाकर छात्राओं-शिक्षिकाओं ने दिया समर्थन



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रचार-प्रसार के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर अधिनियम के पक्ष में अपना समर्थन व्यक्त किया गया। गुरुवार को कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर उत्साहपूर्वक भाग लिया और समाज में महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। मानव श्रृंखला के माध्यम से छात्राओं ने एकजुटता और जागरूक नागरिक होने का परिचय दिया। इस अवसर पर मुख्य अनुशासिका प्रोफेसर किरन साहू सहित, मीनाक्षी शर्मा, किरन त्रिपाठी, अपर्णा जोशी, अनुराधा सिंह, सीमा गुप्ता, सुधा सिंह, वंदना पांडे, सुदेश, प्रवीण सैनी, इंदु सिंह राजपूत, डॉ. अपर्णा तिवारी, डॉ. रितु निर्वाल, डॉ. सीमा रानी, डॉ. मोनिका सिंह, डॉ. प्रीति पांडे, डॉ. सीमा मलिक, डॉ. रूपाली गुप्ता, डॉ. शेफाली अग्रवाल, डॉ. शिवानी गुप्ता, डॉ. प्रज्ञा मित्तल, डॉ. सुनीति लता, सोनल शर्मा, गुलबहार एवं नमिता शर्मा की सहभागिता रही।

### नारी सशक्तिकरण समाज की प्रगति का आधार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के एमएचएससी परिसर में नारी शक्ति वंदन विषय पर आयोजित दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। कार्यक्रम में गुरुवार को वक्ताओं ने नारी सम्मान, अधिकारों एवं समाज में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। कहा कि नारी सशक्तिकरण समाज की प्रगति का आधार है। कार्यक्रम में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने नारी सम्मान से जुड़े नारों के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाई। विद्यार्थियों ने आकर्षक पोस्टर बनाकर समाज को जागरूक किया, वहीं छात्राओं एवं महिला शिक्षिकाओं ने हस्ताक्षर अभियान चलाया। महिला विद्यार्थियों एवं शिक्षिकाओं ने हस्त-श्रृंखला बनाकर नारी एकता एवं सामूहिक शक्ति का प्रदर्शन किया। रंगोली के माध्यम से भी नारी शक्ति, प्रेम एवं एकता का संदेश प्रस्तुत किया गया।

# अजय और अंश की शानदार पारी से रुक्मणी ब्लू की जीत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रुक्मणी क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में आयोजित रुक्मणी अंडर-19 वनडे कप में गुरुवार को रुक्मणी क्रिकेट अकादमी ग्राउंड पर द नेक्स्ट जनरेशन क्रिकेट अकादमी और रुक्मणी क्रिकेट अकादमी ब्लू के बीच मुकाबला खेला गया। इसमें रुक्मणी क्रिकेट अकादमी ब्लू ने चार विकेट से जीत दर्ज की।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नेक्स्ट जनरेशन क्रिकेट अकादमी की टीम 39.4 ओवर में 219 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से मोहम्मद कैफ और अभिमन्यु ने 34-34 रन बनाए, जबकि नितिन सिंह ने 29, फैसल चौधरी ने 25 और कुशल यादव ने 22 रन का योगदान दिया। रुक्मणी क्रिकेट अकादमी ब्लू की ओर से गेंदबाजी में अंश गौतम ने तीन विकेट लिए। वहीं मोहम्मद अमान और सलमान पाशा ने दो-दो विकेट झटके, जबकि श्रीयांश यादव को एक विकेट मिला। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी रुक्मणी क्रिकेट अकादमी ब्लू ने 37 ओवर में छह विकेट खोकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम के लिए अजय कुमार ने शानदार 81 रन बनाए, जबकि अंश गौतम ने 54 और मोहम्मद फैसल ने 43 रन की महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। सुमित मंडल ने 12 रन का योगदान दिया। नेक्स्ट जनरेशन की ओर से यश व्यास और अमोग सिंह ने दो-दो विकेट लिए। अंश गौतम को मैन ऑफ द मैच और अजय कुमार को गेम चेंजर चुना गया। मैच में अंपायर की भूमिका सतेंद्र कुमार और मोहम्मद सायम ने निभाई, जबकि स्कोरिंग मोहम्मद शाकिब ने की।


रुक्मणी अंडर-19 वनडे कप में विजेता रुक्मणी ब्लू टीम। ● अमृत विचार

● नेक्स्ट जनरेशन को चार विकेट से हराया, अंश गौतम बने मैन ऑफ द मैच

# जिम संचालक ने युवती से किया दुष्कर्म, दो पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक जिम संचालक पर युवती के साथ दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बनाने और उसे वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेलिंग करने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता के अनुसार, उसने चार मार्च 2022 से जिम जाना शुरू किया था। इस दौरान एक युवक उसे परेशान कर रहा था, जिससे जिम संचालक सुहेल मलिक ने उसका पीछा छुड़वाया। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। आरोप है कि एक दिन जिम में ही उसे रोककर डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया और उसका अश्लील वीडियो बना लिया।

पीड़िता का कहना है कि आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर अब तक उससे चार लाख रुपये से अधिक वसूल चुका है। विरोध करने पर उसे बदनाम करने की धमकी दी जाती थी। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी उसकी बहन का रिश्ता भी तुड़वा चुका है और अब भी रास्ते में रोककर उसे परेशान करता है। मामले में आरोपी के साथी सादान सैफी पर भी धमकी दिलवाने का आरोप है। पीड़िता के अनुसार, उसने 10 अप्रैल 2026 को एसएसपी कार्यालय में शिकायत की थी, जिसके बाद आरोपी ने अपने साथी के माध्यम से उसे प्रार्थना पत्र वापस लेने की धमकी दिलवाई। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी सुहेल मलिक और सादान सैफी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दोनों आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

● ब्लैकमेल करके चार लाख से अधिक रुपये ठगने का भी आरोप

# हॉस्पिटल-क्लीनिक के पंजीकरण अटके

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले में हॉस्पिटल, क्लीनिक लैब के पंजीकरण अटक गए हैं। इसका मुख्य कारण उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की वेबसाइट पर तकनीकी खामी के कारण ऑनलाइन आवेदन नहीं हो पाना है। इससे हॉस्पिटल और लैब संचालक परेशान हैं। जिले में 260 से अधिक हॉस्पिटल के पंजीकरण 31 मार्च को समाप्त हो चुके हैं।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्ष 2024 तक अस्पताल, लैब, क्लीनिक और पैथोलाजी के पंजीकरण का नवीनीकरण एक वर्ष के लिए किया जाता था। प्रत्येक वर्ष अप्रैल में नवीनीकरण के लिए हॉस्पिटल और लैब संचालकों को आवेदन करने होते थे। हालांकि प्रदेश भर में 2025 से मानक पूरे होने पर पंजीकरण की अवधि एक वर्ष से बढ़ाकर पांच वर्ष कर दी गई। वहीं, मानक पूरे नहीं करने वाले हॉस्पिटल और लैब के पंजीकरण एक वर्ष के लिए किए गए। ऐसे में 260 हॉस्पिटल, लैब और क्लीनिक सहित 500 चिकित्सकीय प्रतिष्ठानों के पंजीकरण 31 मार्च को समाप्त हो गए हैं। एक से 30 अप्रैल तक नवीनीकरण के लिए में https// पर www.up-health.in/आनलाइन आवेदन किए जाने हैं। हालांकि तकनीकी खामी के कारण वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन नहीं हो रहे हैं। इससे लैब और हास्पिटल संचालक परेशान हैं। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया में समस्या आ रही है।

● तकनीकी खामी के चलते स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट पर नहीं हो रहा ऑनलाइन आवेदन

● जिले में समाप्त हो चुके 500 अस्पताल, क्लीनिक, लैब चिकित्सकीय प्रतिष्ठान के पंजीकरण

### मानकों में जल्द हो सकता है बदलाव

हॉस्पिटल के मानकों में जल्द बदलाव हो सकता है। नई व्यवस्था के अनुरूप, हॉस्पिटल की तीन श्रेणी बनाई जानी है और तीनों के लिए अलग-अलग मानक होंगे। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद आवासीय भवनों में संचालित हॉस्पिटल और क्लीनिक के नवीनीकरण पर भी रोक लग सकती है। इसके चलते भी ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया में बदलाव हो सकता है।

### अस्पताल के बाहर पीले बोर्ड पर देखें उपलब्ध सुविधाएं और डॉक्टर का नाम व ब्योरा

अस्पताल संचालकों को बाहर पीले रंग का बोर्ड लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। इसमें पंजीकरण संख्या, डॉक्टर का नाम, डिग्री, पता के साथ ही ओपीडी, आईपीडी, अन्य सुविधाएं दर्ज करनी हैं। सर्जरी, आईसीयू, इमरजेंसी सहित पैरामेडिकल स्टाफ का ब्योरा, बेड की संख्या और प्रमुख चार्ज भी दर्ज करने हैं।

## जांच तेज

### मंदिर विकास के लिए 5 लाख के फ्रीजर व इनवर्टर भेंट, एक करोड़ से अधिक के विकास कार्य की घोषणा

# काली माता मंदिर में दान पेटी खुली, नहीं मिला कीमती सामान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** लालबाग के काली माता मंदिर में दान पेटी खोली गई, लेकिन मंदिर परिसर व महंत के कोठारी कक्ष में कोई कीमती सामान नहीं मिलने से मामला चर्चा में रहा। कार्रवाई की सूचना पहले ही मिलने पर महंत सज्जन गिरि महाराज द्वारा मंदिर से कीमती वस्तुएं हटाए जाने की आशंका जताई जा रही है।

जूना अखाड़ा संरक्षक हरि गिरि महाराज के निर्देश पर अखाड़े के प्रवक्ता नारायण गिरि काली माता मंदिर पहुंचे। उनके नेतृत्व में टीम ने मंदिर परिसर, कोठारी भवन और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंदिर में पूर्व में अखाड़े द्वारा दिए गए सामान और माता को चढ़ाए गए सोने-चांदी के आभूषण भी नहीं मिले, जिसे लेकर अखाड़ा पदाधिकारियों ने चिंता जताई। नारायण गिरि ने बताया कि इस पूरे मामले की जांच रिपोर्ट तैयार कर संरक्षक हरि गिरि महाराज को सौंपी जाएगी। उन्होंने कहा कि मंदिर में दान में मिली धनराशि और कीमती वस्तुओं के गायब होने के आरोप गंभीर हैं और इस पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, भक्तों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जूना अखाड़ा ने मंदिर में शुद्ध और पेयजल की व्यवस्था के लिए पांच लाख रुपये से अधिक मूल्य के पानी के फ्रीजर और बिजली व्यवस्था के लिए इनवर्टर उपलब्ध कराए हैं। इन उपकरणों का विधि-विधान से पूजन भी किया गया। मंदिर में आयोजित बैठक में साफ-सफाई, बिजली और जल आपूर्ति सहित विभिन्न व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। अखाड़े के पदाधिकारियों ने बताया कि मंदिर के विकास और विस्तार के लिए एक करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि खर्च कर व्यापक कार्य योजना लागू की जाएगी। इस दौरान कंचन गिरी महाराज, धीरेंद्रपुरी महाराज, महंत महाकाल गिरी, महंत हितेश्वर गिरी, पुजारी इच्छा गिरी, पुजारी वशिष्ठ गिरी, आदित्य गिरी आदि मौजूद रहे।

● माता को चढ़ाए सोने और चांदी के आभूषण भी नहीं मिले

● संरक्षक हरि गिरि महाराज को सौंपी जाएगी जांच रिपोर्ट


काली माता मंदिर में दान पेटी खोलते नारायण गिरि व अन्य। ● अमृत विचार

### दान पेटी में रुपये के साथ डॉलर भी मिले

दान पेटी खोलकर पैसे गिनने के दौरान भारतीय मुद्रा के साथ विदेशी मुद्रा भी सामने आई। गिनती के समय डॉलर मिलने से सभी चौंक गए। यह संकेत देता है कि मंदिर में देश-विदेश से श्रद्धालु आकर दान कर रहे हैं। महंत महाकाल गिरि ने बताया कि मंदिर के बिजली बिल का भुगतान करने के लिए अखाड़े से 42 लाख रुपये मंगाए गए थे। इस राशि से बिल जमा कर दिया गया है और अब करीब 29 हजार रुपये शेष बचे हैं।

### रामगंगा मंदिर में भी बदली व्यवस्था

काली माता मंदिर के समीप स्थित रामगंगा मंदिर में भी जूना अखाड़ा द्वारा व्यवस्था में बदलाव किया गया है। यहां के महंत सत गिरि महाराज का हरिद्वार स्थानांतरण कर दिया गया है। उनके स्थान पर स्वरूपानंद गिरि महाराज को मंदिर का व्यवस्थापक नियुक्त किया गया है, जिन्हें मंदिर संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### काली माता मंदिर में नई व्यवस्था, महंत का स्थानांतरण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा की ओर से लालबाग स्थित शक्तिपीठ काली माता मंदिर में लागू नई व्यवस्था के तहत बुधवार को एक बार फिर महात्माओं का स्थानांतरण किया गया। अखाड़े द्वारा निर्धारित साप्ताहिक व्यवस्था के अनुसार मंदिर में कार्यरत महात्माओं की जिम्मेदारियों में बदलाव किया गया है। इस क्रम में महंत महाकाल गिरि महाराज और इच्छा गिरी महाराज को कानपुर स्थित बाबा आनंदेश्वर धाम के लिए स्थानांतरित किया गया है। यह धाम भगवान महादेव का प्रमुख और प्रतिष्ठित स्थान माना जाता है, जहां दोनों संतों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंदिर की नई व्यवस्था के तहत अब महंत हितेश्वर गिरि महाराज, महाकाल गिरि जी महाराज के स्थान पर व्यवस्थाएं संभालेंगे। वहीं स्वामी महादेवानंद महाराज को हितेश्वर गिरि महाराज के स्थान पर कार्यभार सौंपा गया है। जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक हरि गिरि महाराज ने नासिक से इस निर्णय की जानकारी दी। अखाड़ा के प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि ने बताया कि काली माता मंदिर में अखाड़े के प्रतिनिधियों का कार्यकाल एक सप्ताह निर्धारित किया गया है। कार्यकाल पूर्ण होने पर दूसरे संतों को जिम्मेदारी दी जाती है, जिससे व्यवस्था सुचारू बनी रहती है और सभी को सेवा का अवसर प्राप्त होता है। अखाड़े की इस व्यवस्था से मंदिर में अनुशासन और पारदर्शिता बनी हुई है। संतों के नियमित स्थानांतरण से धार्मिक गतिविधियों का संचालन व्यवस्थित रूप से जारी है।

## काली माता मंदिर में अब मिश्री-पंचमेवा का लगेगा भोग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शक्तिपीठ काली माता मंदिर में अब बताशे के स्थान पर मिश्री और पंचमेवा का प्रसाद वितरित किया जाएगा, साथ ही काले चने और हलवे का भोग भी लगाया जाएगा।

श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि ने बताया कि प्रसाद की नई व्यवस्था को लागू करने से पहले मंदिर परिसर के सभी दुकानदारों से चर्चा की गई, जिस पर सभी ने सहमति दे दी है। अखाड़े का उद्देश्य श्रद्धालुओं को अधिक पारंपरिक और पौष्टिक प्रसाद उपलब्ध कराना है, जिससे उनकी आस्था और भी सुदृढ़ हो सके।

अखाड़े के पदाधिकारियों का मानना है कि यह बदलाव मंदिर की धार्मिक परंपराओं को और मजबूती देगा।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# नहनूवाला की आबादी में घुसा तेंदुआ पगचिन्ह मिलने से गांव में दहशत

## सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची, तेंदुआ की तलाश में कांबिंग करके किया सचेत

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** एक तरफ प्रशासन सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे करता है, तो दूसरी तरफ हालात ऐसे हैं कि अब तेंदुए भी बेखौफ होकर आबादी में दस्तक देने लगे हैं। थाना क्षेत्र के ग्राम नहनू वाला में बीती रात तेंदुए की आमद ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी।

गांव वालों के अनुसार तेंदुआ रात के समय गांव के मुख्तार पुत्र छुट्टन के घर के पास तक पहुंच गया। घर में छोटे-छोटे बच्चे होने के कारण परिवार सहित आसपास के लोगों में भय का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि जब जंगली जानवर सीधे घरों के दरवाजे तक पहुंचने लगें, तो हालात की गंभीरता समझी जा सकती है। सूचना पर


ठाकुरद्वारा के गांव नहनुवाला में तेंदुए की तलाश करती वन विभाग की टीम।


तेंदुए के पद चिन्ह।

● ग्रामीणों ने जल्द तेंदुआ पकड़ने की लगाई गुहार

मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के साथ क्षेत्र में कांबिंग की, जहां तेंदुए के पगचिह्न भी मिले। इससे यह स्पष्ट हो गया कि तेंदुए की मौजूदगी कोई अफवाह नहीं, बल्कि हकीकत है। हालांकि, हर बार की तरह इस बार भी कार्रवाई के नाम पर लोगों को केवल सतर्क रहने की नसीहत देकर जिम्मेदारी निभा ली गई। ग्रामीणों ने तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है। वन दरोगा मदन सिंह का कहना है की कई स्थानों पर तेंदुए की दस्तक होने के कारण पिंजरे लगाए हैं, जैसे ही पिंजरा कोई खाली होता है तो तत्काल पिंजरा लगाया जाएगा। फिलहाल टीम गठित कर केंद्रीय की लोकेशन ट्रेस की जा रही है ताकि जल्दी तेंदुआ पकड़ा जा सके ।

## यक्ष ऐप से चोरी का किया त्वरित खुलासा, दो गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए पुलिस ने चोरी की घटना का सफल और त्वरित खुलासा कर दिया। यक्ष ऐप की मदद से पुलिस ने न सिर्फ आरोपियों की पहचान की, बल्कि उन्हें गिरफ्तार कर चोरी गया पूरा सामान भी बरामद कर लिया।

बताया गया कि 14 अप्रैल को उजमा परवीन पत्नी रिजवान ने थाना ठाकुरद्वारा में अपने सोने के आभूषण हार, एक जोड़ी बूंदे, झुमकी, चैन और पेंडल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में उन्होंने फैजान पुत्र हनीफ, निवासी वार्ड नंबर 16, कस्बा ठाकुरद्वारा पर संदेह जताया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तुरंत यक्ष ऐप के जरिए संदिग्ध की जानकारी खंगाली। जांच में पता चला कि आरोपी फैजान का पूर्व में भी चोरी से संबंधित आपराधिक रिकॉर्ड रहा है, जिससे उसकी पहचान आसान हो गई। इसके बाद पुलिस ने भीड़भाड़ वाले इलाके में दबिश देकर फैजान और उसके साथी इरफान को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के कब्जे से चोरी गया शत-प्रतिशत सामान बरामद कर लिया गया।

# खेत में कटी पड़ी गेहूं की फसल जलकर राख

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** जहां एक ओर किसान दिन-रात मेहनत कर अपनी फसल तैयार करता है, वहीं दूसरी ओर कुछ असामाजिक तत्व उसकी मेहनत पर पानी फेरने में जरा भी नहीं हिचकते। ऐसा ही एक मामला नगर पंचायत ढकिया में सामने आया, जहां गुरुवार तड़के करीब 1 बजे एक किसान की कटी हुई गेहूं की फसल को आग के हवाले कर दिया गया।

ढकिया निवासी प्यारे खां पुत्र जमील अहमद के खेत में लगभग 8 बीघा गेहूं की फसल काटकर दो स्थानों पर पूलियों के रूप में रखी थी। इनमें से एक ढेर में अचानक आग लग गई, देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी फसल जलकर राख हो गई। चार महीने की कड़ी मेहनत कुछ ही पलों में धुएं में उड़ गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे स्थानीय लोग और जिम्मेदारों ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी। पुलिस टीम हल्का इंचार्ज उपनिरीक्षक रिहान अली, कांस्टेबल विशाल यादव व अन्य कर्मियों के साथ मौके पर पहुंची और हालात को देखते हुए फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। फायर यूनिट प्रभारी अंग्रेज सिंह के नेतृत्व में टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था।


खेत में एकत्र गेहू के लाख में लगी आग।

घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और इसे सुनियोजित साजिश बताया। स्थानीय लोगों का कहना है कि खेत के ऊपर कोई विद्युत लाइन भी नहीं है, ऐसे में आग लगना अपने आप में कई सवाल खड़े करता है। नगर पंचायत अध्यक्ष मुजम्मिल हुसैन ने भी घटना को रंजिशन अंजाम दिया गया कृत्य बताते हुए जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही।

# डॉ. आंबेडकर के विचार भारत के लिए मार्गदर्शक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी महानगर के तत्वावधान में गुरुवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान के अन्तर्गत बुद्धि विहार स्थित पार्टी कार्यालय में नगर विधानसभा की गोष्ठी हुई। मुख्य वक्ता/मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने डॉ. आंबेडकर के विचारों को आज के भारत के लिए मार्गदर्शक बताया।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए समावेशी विकास जरूरी है। समाज को डॉ. आंबेडकर के आदर्शों पर समानता, समरसता और संवैधानिक मूल्यों के आधार पर आगे बढ़ाना होगा। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कार्यक्रम संयोजक व भाजपा महानगर उपाध्यक्ष हेमराज सैनी ने कहा कि भारत रत्न डॉ.

● भाजपा कार्यालय में नगर विधानसभा की गोष्ठी

भीमराव आंबेडकर का जीवन हमें यह सिखाता है कि शिक्षा ही वह शक्तिशाली माध्यम है, जिससे हम अपने अधिकारों की रक्षा कर सकते हैं और समाज में परिवर्तन ला सकते हैं। संचालन महानगर उपाध्यक्ष कपिल देव ने किया।

इस दौरान संगोष्ठी सहसंयोजक अभिषेक चौबे व दीपक चौधरी, महानगर महामंत्री विशाल त्यागी, महानगर उपाध्यक्ष कपिल देव, दिनेश सिसौदिया, निमित जायसवाल, किशनलाल जाटव, संजीव चौधरी, अश्विनी शर्मा, हरिओम सैनी, अशोक सैनी, दीक्षांत चौधरी, हेमा खत्री, मुकेश भारद्वाज, राजेश सूर्या, अमित सिंह मिंटू, मंगलसेन राजपूत, कमला वर्मा, द्रोपा देवी आदि रहीं।

## किसान के घर से आभूषणों सहित लाखों की चोरी

**कांठ अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में अज्ञात चोर बीती रात एक किसान के मकान का ताला तोड़कर से संदूक व सेफ में रखे सोने व चांदी के आभूषण 11000 रुपए की नकदी सहित 15 लाख से अधिक का सामान चुरा कर फरार हो गए। थाना कांठ के ग्राम चक फेरी निवासी दीपक कुमार पुत्र जिले सिंह बुधवार की रात को अपने परिवार के साथ अपने घर के बाहर आंगन में सोए हुए थे। चोरों ने उनके मकान का ताला तोड़कर सेफ संदूक अलमारी में रखे सोने चांदी के आभूषण लगभग 11 तोले सोना और 400 ग्राम चांदी बताई गई है और 11000 नकद चोरों ने चुरा लिए। सूचना पर उपनिरीक्षक कपिल कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक कांठ सुदेश पाल सिंह पहुंचे। पुलिस क्षेत्राधिकारी शुभम पटेल फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी ली।

# शिक्षकों की कमी पर छात्रों का हंगामा, ताला ठोंका

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव गोपीवाला कालेवावा स्थित जनता इंटर कॉलेज में नवीन सत्र 2026-27 की शुरुआत से ही शिक्षा व्यवस्था चरमरा गई है। वित्तविहीन व्यवस्था के तहत पढ़ा रहे चार शिक्षकों को 1 अप्रैल से विद्यालय न आने का नोटिस दे दिया गया, जबकि वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई। गुरुवार को छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से विद्यालय का गेट बंद कर प्रबंध समिति के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर आक्रोश जताया और अपनी मांगों को लेकर प्रधानाचार्य का कार्यभार संभाल रहे वरिष्ठ अध्यापक जवाहरलाल को ज्ञापन सौंपा। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि 20 अप्रैल तक उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे जिलाधिकारी कार्यालय के सामने अपनी शिकायत रखने


ठाकुरद्वारा के जनता इंटर कॉलेज के गेट का ताला बंद कर नारेबाजी करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

● जनता इंटर कॉलेज में पढ़ाई ठप प्रबंधक पर मनमानी के आरोप

को मजबूर होंगे। छात्रों की प्रमुख मांगों में कक्षा 9-10 में चित्रकला शिक्षक, व्यायाम शिक्षक, कक्षा 11-12 में जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, अंग्रेजी के शिक्षकों की तत्काल नियुक्ति शामिल है। साथ ही तीनों विज्ञान की प्रयोगशालाएं स्थापित करने, खेल सामग्री उपलब्ध कराने और अंग्रेजी के शिक्षक प्रीतम सिंह को दिए गए नोटिस को निरस्त करने की मांग की गई। इस मौके पर चाहत, मीनाक्षी, दिव्या, विनीत, कनुप्रिया, अंशिका, हिना, परवीन, समरीन, जहांनूर, अफ्सा, निहारिका, शाहीनूर, इलमा, शायवा, अंजलि, महक, जूही, जावेद, गुलफाम, फरदीन, रहनुमा, उमर, गुल, प्रियंका सहित तमाम छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। प्रशासन की ओर से अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# देहात के स्कूलों में भी बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

संवाददाता कांठ

**अमृत विचार :** सीबीएसई हाईस्कूल के घोषित परिणाम में डायमंड पब्लिक स्कूल भीकनपुर ने फिर से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। डायमंड पब्लिक स्कूल ने कक्षा 10 के परिणाम में अंशिका देवल ने 97.2%, फैज आलम ने 88% अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान, यशिका चौधरी ने 95.2% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। हितेश ने 81%, हनी यादव ने 80% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के डायरेक्टर विमल कौशिक ने बताया कि कॉलेज का परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रबंधक एडवोकेट आरके शर्मा एवं डायरेक्टर ने छात्र-छात्राओं को उनकी उपलब्धियां पर बधाई दी।

## सीएनएस एकेडमी कुचावली का परिणाम भी रहा बेहतर

कांठ अमृत विचार : सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10 की परीक्षा परिणाम में सीएनएस एकेडमी कुचावली के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। परीक्षा में शौर्य चौहान ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, प्रेम शर्मा ने 95% अंक प्राप्त कर द्वितीय, सिद्धार्थ कुमार ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा सांची ने 92.2 % प्रतिशत, हिमांशु कुमार ने 91.4%, रितिका चौधरी ने 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया विद्यालय के प्रबंधक सुंदर सिंह एवं प्रधानाचार्य प्रियंका सिंह ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रतिभाशाली बच्चों को मिष्ठान खिलाकर प्रेरित किया।


अंशिका। फैज आलम। यशिका चौधरी।
हितेश। हनी यादव। शौर्य चौहान।
प्रेम शर्मा। सिद्धार्थ कुमार। सांची।
हिमांशु कुमार। रितिका चौधरी। मुजीब आलम।
बुशरा। हुमैरा। मो. फरहान।

## इंडियन पब्लिक स्कूल की बेटियों ने फिर मारी बाजी

कुंदरकी,अमृत विचार। सीबीएसई कक्षा 10वीं के परिणामों में इंडियन पब्लिक स्कूल डींगरपुर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। लड़कियों ने क्षेत्र में बाजी मारी। टॉपर नज़ीहा नोमान ने 95% अंक लाए। दूसरे स्थान पर हुमैरा ज़मा (92.4%), तीसरे पर ज़िया (90%)। अन्य मेधावी : जन्नत (88.4%), बुशरा (87.4%), अदीब (85.4%), मोहम्मद फरहान (85.4%), मोहम्मद रैयान (85.2%), मुजीब (84.2%), मुन्तसिब हुसैन (83.8%)। छात्राओं का दबदबा रहा, बेटियां प्रेरणा बन रही हैं। प्रधानाचार्य अब्दुल साद खान ने कहा यह लगन और मेहनत का परिणाम है। हमारा लक्ष्य जिम्मेदार नागरिक बनाना है।

# डॉ. आंबेडकर ने दिया समानता का अधिकार:भंते विनाचार्य

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** नगर के आंबेडकर पार्क में डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। जिसमें नगर व देहात क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे, वहीं बिहार के मिशन महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के क्रांतिकारी भंते विनाचार्य मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। जहां उन्होंने पार्क में बनी तथागत भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा का भी अनावरण किया, इसके बाद डॉक्टर बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला और लोगों को बाबा साहब के मिशन के बारे


फीता काट कर मेले का उद्घाटन करते ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राजपाल सिंह।

● तीन दिवसीय अंबेडकर मेले में देर रात तक जारी रहा भीम लीला का मंचन

में बताया देर रात तक भी लीला का मंचन देखने को बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

बुधवार की देर रात मुख्य अतिथि भंते विनाचार्य ने लोगों को बाबा साहब के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने कहा कि डॉक्टर भीमराव आंबेडकर ने संविधान की रचना कर लोगों में समानता का अधिकार दिलाया हम सभी को बाबा साहब के दिखाएं और बताएं रास्ते पर चलना चाहिए। सभी को उनके तीन मूलमंत्र शिक्षित बनो,संगठित रहो ,संघर्ष करो को अपने जीवन में अपनाना चाहिए और समाज में जातिवाद खत्म कर समानता और भाईचारा स्थापित करना चाहिए। अखिल भारतीय अंबेडकर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह ने भी बाबा साहब के मिशन और जीवन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान नगर व देहात क्षेत्र के सम्मानित लोग भी वहां मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व सांसद गिरीश चंद्र जाटव, निर्मल सिंह सागर, मोहम्मद फहीम इरफान विधायक, परमेश्वर लाल सैनी ने भी अपने विचार व्यक्त किए ।

# न्यूज डायरी



## नारी शक्ति के सम्मान में महिलाओं ने निकाली बाइक रैली

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** महिला शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली में बड़ी संख्या में महिलाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और पूरे नगर में नारी सशक्तिकरण का संदेश फैलाया। रैली का शुभारंभ भाजपा कार्यालय से हुआ। नगर के एसडीएम कोर्ट रोड, कमालपुरी रोड, बड़ा बाजार, बुध बाजार, कोतवाली रोड , बाजार गंज, तिकोनिया पार्क, काशीपुर रोड स्थित आंबेडकर पार्क रामलीला मैदान बाल्मीकि बस्ती, मोहल्ला जमुना वाला,जैसे प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुन : नगर पालिका पहुंचकर संपन्न हुई। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व प्रत्याशी ठाकुर अजय प्रताप सिंह, जिला मंत्री कशीष चौहान, सुरभि चौहान, मनीषा शर्मा, ब्लॉक प्रमुख संजना सैनी, मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि, पवन पुष्पद, आशुतोष अग्रवाल, हेमेंद्र प्रताप सिंह, सुधीर नायक, डॉक्टर आफताब हाशमी, अभिषेक वर्मा आदि मौजूद रहे।



## परशुराम जयंती कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे महामंडलेश्वर कैलाशानंद

**कांठ, अमृत विचार :** भगवान परशुराम जयंती समारोह के तीन दिवसीय समारोह का शुभारंभ प्रथम दिन परिवार फेरी निकालकर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निरंजन पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 अनंत श्री विभूषित स्वामी महामंडलेश्वर आचार्य कैलाश आनंद होंगे, जिनके आगमन की तैयारी में ब्राह्मण समाज जुट गया है। आगामी 19 अप्रैल रविवार को भगवान श्री परशुराम का जन्मोत्सव एवं शोभायात्रा का कार्यक्रम प्रतिवर्ष की भांति इस वार भू धूमधाम से से मनाया जाएगा। 19 अप्रैल को शोभायात्रा का कार्यक्रम स्थल स्वर्गीय पंडित बाबू राम शर्मा क्षेत्रीय ब्राह्मण धर्मशाला मोहल्ला बिशनपुर है। मुख्य अतिथि हेलीकॉप्टर से डॉ विनोद प्रकाश शर्मा परिसर तहसील के सामने सभा स्थल पर पहुंचेंगे। आचार्य भावेश शर्मा ने सघन जनसंपर्क कर ब्राह्मण बंधुओं एवं क्षेत्र के सम्मानित व्यक्तियों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।



## फत्तेहपुर खास में नई सहकारी समिति का शुभारंभ

**कुंदरकी, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र फत्तेहपुर खास गांव में गुरुवार शाम बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति का शुभारंभ हो गया। संयुक्त निबंधक वीर विक्रम सिंह ने फीता काटा, साथ ही खाद वितरण शुरू किया। किसान मोहम्मद आसिम को पहली खाद देकर सम्मानित किया गया। उद्घाटन पर किसानों व ग्रामीणों ने तालियां बजाईं। डा. मोहम्मद जावेद, अमरेंदर कुमार, कंचन सिंह, संजीव कुमार, अनिल त्रिपाठी, यशवीर सिंह, जफीर अहमद, मोहम्मद शाकिर, अतिकुल इस्लाम, फुरकान अहमद, बुद्धा, हाजी मुन्नू, तजमुल प्रधान, मुस्तकीम, जहांगीर, शाहिद, शाकिर उर्फ कल्लू आदि मौजूद रहे।



## ऋण स्वीकृत करने की प्रक्रिया में गंभीरता दिखाएं बैंक अधिकारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत बैठक हुई। इसमें सोलर पैनल स्थापित करने के लिए पंजीकृत वेंडर, बैंक प्रतिनिधियों और विद्युत विभाग के अधिकारी शामिल हुए। जिलाधिकारी वेंडरों ने कहा कि बैंकों के स्तर से ऋण स्वीकृत करने की प्रक्रिया को गंभीरतापूर्वक नहीं किया जा रहा है। ऋण के आवेदन पत्रों को अनावश्यक निरस्त कर दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने लापरवाही बरतने वाली बैंक शाखाओं के बारे में जानकारी ली। कहा कि चिह्नित बैंकों के संबंध में उनके उच्च स्तरीय अधिकारियों को कार्रवाई के लिए पत्र भेज दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में बैंक अथवा वेंडर के स्तर से लापरवाही न की जाए। उन्होंने बैठक में मौजूद विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि अब तक लंबित सभी प्रकरण एक सप्ताह के भीतर नियमानुसार निस्तारित करना सुनिश्चित करें। साथ ही भविष्य में प्राप्त होने वाले ऋण संबंधी प्रकरणों को 15 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से निस्तारित कर दें।

अमृत विचार



# बेटा-बेटियों के बीच रही कांटे की टक्कर

## 10वीं सीबीएसई परिणाम: जिले की टॉप टेन सूची में शामिल 22 छात्रों में हैं 11 बेटियां


रिदान अली, 97.8% जीडी गोयनका बिलासपुर


जगवीर सिंह, 97% जीडी गोयनका बिलासपुर


शिवांग अग्रवाल, 96.6% आरएएन बिलासपुर


प्रिशा मिश्रा, 96.2% आरएएन पब्लिक स्कूल बिलासपुर


विज्ञा जैन, 95% आरएएन पब्लिक स्कूल बिलासपुर


गुरुशरण कौर 9.8% सर्व संस्कृति स्कूल बिलासपुर


रीत देवगन, 95.6%, सर्व संस्कृति स्कूल बिलासपुर


गुरतेज सिंह, 95.4%, सर्व संस्कृति स्कूल बिलासपुर


मनमोहक मित्तल ने 90.6%, ब्रह्मदत्त स्कूल बिलासपुर


अंशिका पाल 92.8%, ब्रह्मदत्त स्कूल बिलासपुर

### परिणाम देखकर झूमे

**बिलासपुर, अमृत विचार :** सीबीएसई हाईस्कूल के रिजल्ट में बिलासपुर क्षेत्र के विद्यालयों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दमखम दिखाया। वहीं बच्चों की इस कामयाबी पर विद्यालयों में खुशी का माहौल व्याप्त है। बुधवार की शाम हाईस्कूल के रिजल्ट की घोषणा होने के बाद क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक सीबीएसई विद्यालयों में बच्चों, उनके अभिभावकों और शिक्षक-शिक्षिकाओं की भीड़ जुटना शुरू हो गई। जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या रूपाली पूरी ने बताया कि रिजल्ट शानदार रहा। विद्यालय के रिदान अली ने 97.8 प्रतिशत, जगवीर सिंह ने 97 प्रतिशत और कृष्णा ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सर्व संस्कृति स्कूल की छात्रा गुरशरण कौर औलख के 97.8 प्रतिशत, रीत देवगन के 95.6 प्रतिशत, गुरतेज सिंह ने 95.4 प्रतिशत से अधिक अंक पाकर परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय प्रबंध समिति सदस्य अजीत जैन, सुरेन्द्र सिंह ग्रोवर और प्रधानाचार्य डॉ. टीना सिंह ने विद्यार्थियों को मिठाई खिला उत्साहवर्धन किया।


10वीं में पास होने पर विक्टरी का चिन्ह दिखातीं जिला टॉपर श्री सिंह व अन्य छात्राएं।

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** सीबीएसई 10वीं के रिजल्ट में बेटियों व बेटों के कांटे की टक्कर रही है। टॉप टेन जिले के अलग-अलग स्कूलों के 22 छात्र-छात्राएं शामिल हैं जिनमें 11 बेटियों के नाम शामिल हैं। एक बार फिर बेटियों ने अपनी फतह का परचम लहराया है। 10वीं के रिजल्ट में पहले पायदान पर भी बेटी श्री सिंह हैं और 10वें पायदान पर भी बेटी है। 10वीं के रिजल्ट में बेटियों ने धमाकेदार उपस्थित दर्ज कराई है।

जिले के टॉप टेन में पहले पायदान पर सेंट मेरी स्कूल की श्री सिंह 98.80 प्रतिशत जबकि, दूसरे पायदान पर व्हाइट हाल स्कूल की परी गोयल 98.60 प्रतिशत के साथ हैं। इनके अलावा व्हाइट हाल स्कूल की आशी वर्मा चौथे स्थान पर हैं। ग्रीनवुड स्कूल की तहरीम बी ने छठा स्थान प्राप्त किया है। सेंट मेरी स्कूल की माही अग्रवाल, सेंट पॉल्स स्कूल की रोशनी तिवारी आठवे स्थान पर हैं। दयावती मोदी एकेडमी की खुशी चौरसिया नवें स्थान पर हैं। सेंट पॉल्स की सृष्टि अग्रवाल, अंशुमन प्रभा और दयावती मोदी एकेडमी पाखी और तनिष्का 10 पायदान पर हैं। जबकि, जिले की टॉप टेन की सूची में 11 बेटे हैं और 11 ही बेटियां हैं। बेटियों द्वारा बेटों को परीक्षा परिणाम में कड़ी टक्कर दिए जाने से शिक्षक और परिजन बहुत खुश हैं। जिले की टॉप टेन में शामिल छात्र-छात्राओं ने बताया कि सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनने का सपना है। पहला पायदान पार कर लिया है। बेटियां डॉक्टर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर और सीए बनने का ख्वाब संजोए हुए हैं।

### आरएन स्कूल का शत प्रतिशत रहा परिणाम

**रामपुर, अमृत विचार :** आरएएन पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भी परीक्षा फल शत-प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्या ममता बिष्ट ने बताया कि विद्यालय के शिवांग अग्रवाल 96.6, प्रिशा मिश्रा 96.2 प्रतिशत, विज्ञा जैन 95 पर्व जैन 94.8 प्रतिशत और ख़ुशी गांधी ने 94.4 प्रतिशत अंक हासिल किए। विद्यालय के चेयरमैन पूर्व विंग कमांडर एचके राय, निदेशक मोहित राय और निदेशिक निधि राय ने छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। इसी क्रम में गायत्री गर्ल्स इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा सुमैया फात्मा 91.6 प्रतिशत, दिव्या चौहान ने 90.2 प्रतिशत, अरुवा रियाज 87.6 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन कर किया है। विद्यालय के प्रबंधक आशुतोष अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, प्रधानाचार्या पुष्पा बिष्ट ने मिठाई खिलाकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। वहीं ब्रह्मदत्त सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा अंशिका पाल 92.8 प्रतिशत और मनमोहक मित्तल ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। बाद में विद्यालय के अध्यक्ष पुरुषोत्तम गोयल, उपाध्यक्ष रवि गोयल, प्रबंधक रविंदर पाल सिंह, उप प्रधानाचार्य गंगाराम ने बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। वहीं न्यू ऐज पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या कृति बंबा ने बताया कि अभिनव मिश्रा ने 91.8 प्रतिशत, सुखमनप्रीत सिंह, अभिनव गंगवार ने 91-91 प्रतिशत, प्रीति कुमारी 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। साथ ही विद्यालय के प्रबंधक रजत बंबा, राजपाल सिंह और प्रधानाचार्या ने छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाई।


कृष्णा 92.2%, जीडी गोयनका बिलासपुर


अभिनव गंगवार 88.4%, न्यू ऐज बिलासपुर


अभिनव गंगवार 91% न्यू ऐज पब्लिक स्कूल बिलासपुर


सुखमनप्रीत सिंह 91%, न्यू ऐज बिलासपुर

### मेहनत करें सफलता का नहीं होता शार्ट कट : अंवित

दयावती मोदी एकेडमी के छात्र अंवित ग्रेवाल टॉप टेन की सूची में 98.20 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे पायदान पर हैं। वह बताते हैं कि उन्हें एयर फोर्स में जाना है। उनके पापा अर्जुन सिंह ग्रेवाल डीएमए में शिक्षक हैं और उनकी मां नीतू ग्रेवाल भी शिक्षक हैं। बताते हैं कि बचपन से उन्हें मां-बाप ने बहुत अच्छे से पढ़ाया है। बताते हैं कि उन्होंने प्रतिदिन चार से पांच घंटे तक स्टडी की है और उसका परिणाम सामने है। 10वीं के छात्र-छात्राओं को संदेश देते हैं कि मेहनत करें सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। कहते हैं कि लक्ष्य निर्धारित कर उसका पीछा करें। बताते हैं कि आगे वह अपनी पढ़ाई का समय और बढ़ाएंगे ताकि, भविष्य में अच्छे अंकों से पास होकर जिला टॉपर बनें।


अभिनव मिश्रा ने 91.8%, न्यू ऐज बिलासपुर


अरुवा रियाज 87.6%, गायत्री गर्ल्स बिलासपुर


दिव्या चौहान ने 90.2%, गायत्री गर्ल्स बिलासपुर


सुमैया फात्मा 91.6% गायत्री गर्ल्स स्कूल बिलासपुर


95 पर्व जैन 94.8%, आरएएन पब्लिक स्कूल बिलासपुर


ख़ुशी गांधी ने 94.4% आरएएन पब्लिक स्कूल बिलासपुर

### नियमित पढ़ाई और सोशल मीडिया से दूरी ने बनाया जिला टॉपर

**रामपुर, अमृत विचार :** जिले के मेधावी सपनों की उड़ान में रंग भरने के लिए जुट गए हैं। जिले के मेधावियों ने सोशल मीडिया से दूरी बनाई और नियमित स्टडी से जिले में टॉपर बनने का सपना पूरा किया। इन मेधावियों में कोई सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहता है तो कोई डॉक्टर बनने के लिए जी तोड़ मेहनत में जुटा हुआ है। मेधावी औसतन प्रतिदिन से 6 से 8 घंटे पढ़ाई करते हैं। अमृत विचार ने सीबीएसई 10वीं में जिला टॉप करने वाले टॉप श्री मेधावियों से बातचीत की है। पेश हैं बातचीत के मुख्य अंश....।

### सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनने का सपना: श्री सिंह



जिले में 1 स्थान

जिले में पहले स्थान पर रहीं श्री सिंह सेंट मेरी की स्टूडेंट हैं और बातचीत में दो टूक कहती हैं कि उन्हें साफ्टवेयर इंजीनियर बनना है और उसी दिशा में वह आगे बढ़ रही हैं। ज्वालानगर निवासी श्री सिंह 98.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की टॉपर हैं। उनके पिता मोहित सिंह स्वाति मैथोल में नौकरी करते हैं, जबकि मां प्रियंका सिंह सेंट मेरी में शिक्षक हैं। वो सोशल मीडिया से लगभग दूरी बनाकर रखती हैं। बताया कि बचपन से ही सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनने का सपना देखा है और वह जीवन में साफ्टवेयर इंजीनियर जरूर बनेंगी। श्री सिंह दिन में औसतन 6 से 8 घंटे पढ़ाई करती हैं। 10वीं में आए छात्र-छात्राओं के लिए संदेश है कि प्रतिदिन अध्ययन जरूर करें।

### लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करें, मिलेगी सफलता : शौर्य



जिले में 2 स्थान

दयावती मोदी एकेडमी के छात्र शौर्य चौहान 98.60 प्रतिशत अंक लाकर टॉप टेन में दूसरे पायदान पर हैं। शौर्य बताते हैं कि उन्हें साफ्टवेयर इंजीनियर बनना है। लक्ष्य निर्धारित कर वह उसका पीछा कर रहे हैं उन्हें उम्मीद है कि सफलता जरूर मिलेगी। शौर्य के पिता जजेज रोड रामपुर स्थित राजकीय मुद्राणलय में कर्मचारी हैं। जबकि, मां ममता कुमार गृहणी हैं और उनके एक बहन है जोकि जेई की पढ़ाई कर रही है। शौर्य बताते हैं कि उन्होंने प्रतिदिन औसतन 6-7 घंटे पढ़ाई की है। आगे पढ़ाई की समय सीमा और बढ़ाने की तैयारी है। कड़ी मेहनत से इस मुकाम तक पहुंचे हैं और संदेश देते हैं कि प्रतिदिन दो-चार घंटे हर छात्र-छात्रा को पढ़ना चाहिए। बोलते हैं कि बूंद-बूंद से सागर बनता है।

### ट्यूशन से रहें दूर, सेल्फ स्टडी पर करें फोकस : परी



जिले में 2 स्थान

व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल की छात्रा परी गोयल जिले की टॉप टेन की सूची में 98.60 प्रतिशत अंक लाकर दूसरे स्थान पर हैं। वह बताती हैं कि उन्हें डॉक्टर बनना है इस दिशा में आगे बढ़ रही हैं। प्रतिदिन 8 से 12 घंटे पढ़ाई करती हैं और कोचिंग के लिए मुरादाबाद भी जाती हैं। बताती है कि डॉक्टर बनने के लिए बहुत पढ़ाई करना पड़ती है इस लिए वह खूब मेहनत कर रही हैं। बताया कि उनके पापा अंकुर गोयल बिजनेसमैन है और उनकी मां अलका गोयल गृहणी हैं। परिजनों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखी। परी गोयल कहती हैं कि ट्यूशन पर जोर नहीं देना चाहिए बल्कि सेल्फ स्टडी पर फोकस रखें। इसके दूरगामी परिणाम आते हैं और सफलता कदम चूमती है।

## पुस्तक मेला: माध्यमिक स्कूलों के छात्रों को मिलेंगी सस्ती किताबें

**रामपुर, अमृत विचार :** माध्यमिक स्कूलों के विद्यार्थियों को बाजार की दुकानों से भारी-भरकम कीमत का कोर्स खरीदने से मुक्ति मिलेगी। विद्यार्थी पुस्तक मेले में माध्यमिक विद्यालयों की सस्ती किताबें खरीद सकेंगे। पुस्तक मेले में कक्षा 9 से 12 तक एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों के स्टाल लगेंगे। राजकीय रजा इंटर कालेज में शुक्रवार को पुस्तक मेला लगेगा। कक्षा 9 से 12 तक का कोर्स बाजारों में आठ से दस हजार रुपये तक का है। महंगे कोर्स के कारण परिजनों को आर्थिक संकट में घिर गए हैं। अभिभावकों को भारी-भरकम कीमत के कॉर्सेज से मुक्ति दिलाने के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद ने यह कदम उठाया है। जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकों के लिए तीन मुद्रकों द्वारा बाजार मूल्य से कम कीमत पर छात्र-छात्राओं को दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, वित्तविहीन मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य बच्चों को मेले से सस्ती किताबें लेने के लिए प्रेरित करें।

## रामपुर में औद्योगिक पार्क स्थापना को लेकर कार्य तेज हो: श्रीश गुप्ता

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** आईआईए रामपुर चैप्टर के सदस्य मनोज गुप्ता के आवास पर गुरुवार को मंथन बैठक हुई। जिसमें आईआईए चेयरमैन श्रीश गुप्ता ने रामपुर में औद्योगिक पार्क स्थापना को लेकर कार्य में तेजी की मांग की है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी के प्रदेश को औद्योगिक प्रदेश बनाने के अभियान के तहत प्रदेश के प्रत्येक जिले में औद्योगिक पार्क की स्थापना होनी है। रामपुर में भी 100 एकड़ का औद्योगिक पार्क बनना है। इस कार्य मे तेजी लाये जाने की आवश्यकता है। बैठक में जिलाधिकारी से मिलकर तेजी लाए जाने के लिए ज्ञापन देने का निर्णय हुआ। मीटिंग में प्रेसिडेंशियल ऑफिसियल विजिट में राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा चैप्टर के मेम्बरों की संख्या बढ़ाने पर चर्चा की गई। सचिव मनोज गर्ग द्वारा बिजली की बढ़ती रोस्टिंग पर सदस्यों की शिकायतों को रखा गया। विद्युत विभाग द्वारा बरेली रोड स्थित पुरानी लाइनों को बदलने की पुरानी मांग पर तेज गति से कार्य न करने पर विभाग की आलोचना की गई। इस पर इस विषय को केंद्रीय पदाधिकारियों के साथ मुख्य सचिव ऊर्जा एवं एमडी विद्युत पश्चिमांचल से मिलकर मांग करने का निर्णय हुआ। मीटिंग में अजय अग्रवाल द्वारा प्रत्येक उद्यम में शासन द्वारा निर्देशित शिकायत निवारण सेल बनाने का आवाहन किया गया। मीटिंग में मजदूरी संहिता नियमावली एवं उप्र सामाजिक सुरक्षा संहिता पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों के सुझाव लिए गए। मीटिंग में उद्यमों में गैस डीजल आदि की उपलब्धता पर चर्चा की गई। अगर किसी उद्यमी को समस्या हो तो डीएसओ से मिलकर समस्या को दूर कराने को कहा गया। मीटिंग में चेयरमैन श्रीश गुप्ता, संरक्षक एसके गुप्ता, विनय बंसल, सचिव मनोज गर्ग, ट्रेजरार अजय अग्रवाल, आदर्श अग्रवाल, मनोज गुप्ता, उमेश अग्रवाल, खूब चंद गुप्ता, दिलीप रस्तोगी, विनीत कुमार, बीबी शर्मा, विकास गुप्ता सहित अन्य उद्यमियों ने प्रतिभाग किया।


बैठक में चर्चा करते आईआईए से जुड़े उद्यमी। ● अमृत विचार

● **आईआईए रामपुर चैप्टर की बैठक में उठे कई मुद्दे**

## लाइब्रेरी सांस्कृतिक धरोहर, इसका संरक्षण जरूरी: निदेशक

**रामपुर, अमृत विचार :** लाइब्रेरी सभागार में गुरुवार को रजा लाइब्रेरी में पुस्तकालय के निदेशक की अध्यक्षता में संरक्षण सलाहकार समिति की बैठक हुई। निदेशक ने कहा कि लाइब्रेरी एक जीवंत सांस्कृतिक धरोहर है, जिसके संरक्षण एवं विकास के लिए वैज्ञानिक, सुनियोजित एवं दूरदर्शी दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। बैठक में दीर्घकालिक संरक्षण एवं विकास के लिए एक व्यापक संरक्षण प्रबंधन योजना तैयार करने का निर्णय लिया गया। भवनों के ऐतिहासिक उपयोग अध्ययन, संग्रहालय व प्रदर्शनी स्थल का निर्धारण, पुस्तकालय विस्तार पर चर्चा की। संरक्षण प्रबंधन के लिए समिति गठन किया। जिसमें प्रो. निखिल जोशी को संयोजक, डॉ. अचल पंड्या को सह-संयोजक नियुक्त किया। राम प्रवेश सविता, सेवानिवृत्त निदेशक संरक्षण, राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली, प्रो. निखिल जोशी प्रोफेसर, वास्तुकला विभाग, नेशनल यूनिवर्सिटि सिंगापुर, डॉ. अचल पंड्या विभागाध्यक्ष संरक्षण, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, नई दिल्ली तथा डॉ. निजामुद्दीन ताहिर पूर्व निदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, हैदराबाद शामिल रहे।

## जबरन प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने के खिलाफ कांग्रेस ने जताया विरोध

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** रामपुर में विद्युत विभाग द्वारा प्रीपेड स्मार्ट बिजली मीटर लगाने की प्रक्रिया जारी है। जिला कांग्रेस कमेटी ने इस मुद्दे को लेकर अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड -प्रथम, नवाबगेट कार्यालय में पहुंचकर कड़ा विरोध दर्ज कराया।

जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा निक्कू पंडित एवं शहर अध्यक्ष बाकर अली खां के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल अधिशासी अभियंता से मिलने पहुंचा। कांग्रेसियों का आरोप है कि अधिशासी अभियंता अपने कार्यालय में उपस्थित नहीं मिले। इसके बाद एसडीओ अजय रस्तोगी, प्रदीप राय एवं सचिन रस्तोगी एसडीओ प्रथम खंड ने वार्ता की। अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि बिना उपभोक्ता की लिखित सहमति के कोई भी प्रीपेड मीटर नहीं लगाया जाएगा। जिनके यहां प्रीपेड मीटर लग गए हैं, उनके यहां स्मार्ट मीटर लगने की मांग की। निक्कू पंडित ने कहा कि विद्युत विभाग तानाशाही पर उतर आया है। गरीब और मध्यमवर्गीय उपभोक्ताओं को डराकर, धमकाकर जबरन प्रीपेड मीटर थोपे जा रहे हैं, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि यह मनमानी तुरंत बंद नहीं हुई तो जिला कांग्रेस कमेटी सड़क से लेकर कलेक्ट्रेट तक जोरदार आंदोलन करेगी। शहर अध्यक्ष बाकर अली खां ने कहा कि यह सीधे-सीधे उपभोक्ताओं के अधिकारों का हनन है। विभाग पहले अपनी खामियां सुधारे, उसके बाद नई व्यवस्था लागू करे। रिचार्ज के नाम पर जनता की जेब पर डाका डाला जा रहा है। इस दौरान साहिर रजा खां, हनी खां, मोहम्मद ज़की, फरीद खां, शहवाज खां एडवोकेट, राजेश लोधी, अकबर अली खां, पूरन लोधी, शिशुपाल लोधी, शावेज़ खां, सरताज, भूरा खां, जुबैर, नईम, सुनील, अर्श, ताहिर, सुहेल, प्रमोद, बिलाल सहित अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।


बिजली विभाग के अधिकारी को ज्ञापन देते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

● **बिजली विभाग के अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की दी चेतावनी**

## टांडा पालिका बोर्ड की बैठक में स्टेडियम के सौंदर्यीकरण और नाम बदलने का मुद्दा उठा

**संवाददाता, टांडा**

**अमृत विचार :** गुरुवार को टांडा नगर पालिका बोर्ड बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष के लिए विकास की रूपरेखा तय की गई। बैठक में मुख्य रूप से वित्तीय वर्ष 2026-2027 के बजट पर चर्चा हुई। बोर्ड बैठक में स्टेडियम के सौंदर्यीकरण और नाम बदलने का मुद्दा उठा।

गुरुवार को नगर के मोहल्ला मोतीनगर स्थित मनसब अली स्टेडियम में नगर पालिका बोर्ड की बैठक हुई। बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2026-2027 के लिए अनुमानित बजट पेश किया गया। पालिका प्रशासन ने आगामी वर्ष के लिए कुल 28,29,30,000 रुपये की संभावित आय का लक्ष्य रखा है। वहीं नगर के विकास कार्यों और खर्चों के लिए 24,51,44,000 रुपये के व्यय का अनुमान लगाया गया है। बैठक में विभिन्न वार्डों के सभासदों ने क्षेत्रों की समस्याओं को रखा, सभासद शफीक अहमद ने आजाद नगर स्थित कॉलेज रोड की जर्जर स्थिति का मुद्दा उठाया। नए रॉड की बात को सभासद महमूद नायक और स्टेडियम के नाम बदलने वाले प्रस्ताव पर चर्चा की। सभासद एम सगीर ने स्थानीय स्टेडियम के सौंदर्यीकरण पर जोर देते हुए अपनी बात रखी। सभासद मोहम्मद रईस ने नाराजगी जाहिर करते हुए आरोप लगाया कि पालिकाध्यक्ष और ईओ अक्सर फोन नहीं उठाते, उन्होंने पार्क के लंबित कार्य का मुद्दा भी उठाया और कहा कि प्रस्ताव पास होने के बावजूद काम शुरू नहीं हुआ है। सभासद चमेलिया देवी ने वार्ड की समस्याओं से अवगत कराया। शिकायतों और सुझावों को सुनने के बाद नगर पालिका अधिशासी अधिकारी वंदना शर्मा सभी को आश्वस्त किया कि समस्याओं का जल्द ही निस्तारण किया जाएगा।



समस्याओं से संबंधित पत्र देता सभासद। ● अमृत विचार

### ये रहे मौजूद

नगर पालिका अध्यक्ष साहिबा सरफराज, जेई अभिनेश तिवारी, वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी, लेखा लिपिक शुभम भारती, सभासद नईमा, ताहिरा एम सगीर, मेहमूद अली, चमेलिया देवी, तसलीम अहमद, मोहम्मद रईस, मतीन कुरैशी, मतलूब अहमद, शफीक अहमद, मोहम्मद तस्लीम, रोहित सैनी, मोहम्मद ज़की, मुशर्रफ अली, अमीर जहाँ, दिलशाद परवीन, एहतराम अली, इक़बाल, फारूक अक्कू, तसलीम आदि पालिका कर्मचारी रहे।

## मनोनीत सभासदों को कराई शपथ ग्रहण, दो नामित रहे दूर


मनोनीत सभासद शपथ लेते हुए। ● अमृत विचार

**संवाददाता, टांडा**

**अमृत विचार :** मनसब अली स्टेडियम में बीते दिन मनोनीत सभासदों के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष ने नव-मनोनीत सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान जहां कुछ सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी जिम्मेदारी संभाली, वहीं दो मनोनीत सदस्यों के शपथ न लेने के कारण कार्यक्रम चर्चा का विषय बना रहा।

गुरुवार को मनसब अली स्टेडियम में आयोजित समारोह के दौरान पालिका अध्यक्ष साहिबा सरफराज द्वारा शोभा रुहेला, उमेश चंद्र सैनी और मेवाराम सागर को विधिवत शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के पश्चात पालिका अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी वंदना शर्मा और भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मी सैनी ने सभी नवागत सभासदों को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी और नगर के विकास में सहयोग करने का आह्वान किया। इस दौरान दो नामित सदस्यों योगेश सैनी और शरीफ़ अहमद ने शपथ नहीं ली, बताया जा रहा है कि योगेश सैनी के नाम में तकनीकी त्रुटि या बदलाव होने के कारण उन्होंने शपथ नहीं ली। जबकि शरीफ अहमद भी बिना शपथ लिए समारोह के बीच से ही वापस लौट गए। संचालन एडवोकेट समर सिंह चौहान ने किया। भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मी सैनी, राज कुमार चौहान, पन्नालाल सैनी, रोहित सैनी, रोहित शर्मा और योगेश सैनी आदि उपस्थित रहे।

## एकल विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती की मांग

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष रवेंद्र गंगवार ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी को पत्र लिखा है। मांग की है कि जिले में बंद विद्यालय और एकल शिक्षक वाले विद्यालयों में समायोजन के जरिये स्टाफ मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिले में कई विद्यालय स्टाफ ना होने के कारण बंद हैं। शिक्षकों की स्थाई नियुक्ति नहीं है। वर्षो से वैकल्पिक व्यवस्था से चल रहे हैं। ऐसे कई विद्यालय हैं जिनमें एक शिक्षक है। उनको समायोजित किया गया जाए। क्योंकि एक शिक्षक विद्यालय के ऑनलाइन वर्क विभागीय बैठक विभागीय सूचनाओं के साथ मिड डे मील अन्य कार्य होने के कारण बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता एवं नामांकन प्रभावित हो रहा है। ऐसे विद्यालय 100 से अधिक है। महामंत्री विपेंद्र कुमार ने बताया संगठन ने पूर्व में भी बंद एवं एकल शिक्षक विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती की मांग की गई है। लेकिन इन विद्यालयों की समस्या का हल नहीं हुआ है। मांग करने वालो में विनीत कुमार, लालता प्रसाद, गौरव गंगवार, विमल शर्मा, आलोक सक्सेना, विनीत श्रीवास्तव, विनोद कुमार आदि रहे।

## प्रीपेड व स्मार्ट मीटर को लेकर व्यापारियों ने जताया विरोध

**कार्यालय संवाददाता रामपुर**

**अमृत विचार:** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल से जुड़े व्यापारियों ने विरोध जताया है। गुरुवार को व्यापारियों ने नगर मजिस्ट्रेट सालिक राम से मिले। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि नगर रामपुर में अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम कार्यालय द्वारा लगातार शोषण व उत्पीड़न की मनसा से जबरन प्रीपेड व स्मार्ट मीटर लगवाए जा रहे हैं।

जनता के मना करने के बावजूद भी जनता की सहमति के बिना और प्रीपेड स्मार्ट मीटर पुलिस बल की मौजूदगी में लगाए जा रहे हैं। जिससे पूरे शहर में विद्युत विभाग के आतंक से त्राहि-त्राहि मची हुई है। जिससे विद्युत विभाग की मनमानी व तानाशाही अत्यधिक ज्यादा बढ़ गई है। उसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम से मिले। प्रीपेड मीटर के बारे में बताया कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बयान जारी किया है कि बिना उपभोक्ता की मर्जी के स्मार्ट मीटर नहीं लगाए जाएंगे। जबकि जनता की मांग यह है कि स्मार्ट मीटर पोस्टपेड होने चाहिए।

● **व्यापारियों ने बिना जनता के अनुमति मीटर लगाने का किया विरोध**


स्मार्ट मीटर को लेकर वार्ता करते व्यापारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार
मुरादाबाद, शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026 रामपुर

# दो दिन से लापता सात वर्षीय मासूम बच्चे का शव बरामद

## आंबेडकर जयंती पर रैली से लापता हुआ था, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

संवाददाता, बिलासपुर


मृतक शिवांश।


मासूम का शव मिलने के बाद मौके पर पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** केमरी थाना क्षेत्र के गांव खेमपुर में 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती रैली से लापता हुआ सात वर्षीय मासूम बच्चे का शव गेहूं के खेत में क्षत-विक्षत हालत में मिला। शव मिलने के बाद गांव में हड़कंप मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं परिजनों ने मासूम के हत्या की आशंका जताई है। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर परिजनों से बातचीत की और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया

खेमपुर गांव निवासी सुनील कुमार कंबाइन चलाते हैं। परिजनों के अनुसार उनका सात वर्षीय पुत्र शिवांश बीते 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती के दौरान गांव में निकली रैली के चलते अचानक लापता हो गया था। काफी तलाश के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला, तो परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। गुरुवार सुबह गांव के एक किसान के गेहूं के खेत में मासूम का शव मिलने की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना और अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने घटनास्थल का जायजा लिया। मामले में अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि केमरी थाना क्षेत्र में सात वर्षीय बालक का शव मिला है। प्रथम दृष्टया यह जंगली जानवरों द्वारा क्षत-विक्षत प्रतीत होता है। उन्होंने यह भी बताया कि दो दिन पहले दर्ज गुमशुदगी के आधार पर पुलिस लगातार बच्चे की तलाश कर रही थी और गुरुवार को शव बरामद हुआ है।

मामले की गहन जांच के लिए फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड को भी लगाया गया है। साथ ही विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही हैं। वहीं मृतक के परिजनों ने बच्चे की हत्या की आशंका जताई है। उन्हें अंदेशा है कि बच्चे के साथ कुछ गलत किया गया है, जिसके बाद हत्या की गई है। पुलिस ने परिजनों को आश्वासन दिया है, कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### 24-25 को न्यायालयों में रहेगा अवकाश

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला न्यायाधीश भानु देव शर्मा ने बताया कि उच्च न्यायालय ने 24 और 25 अप्रैल को ज्यूडिशियल ऑफिसर्स स्पोर्ट्स मीट के कारण अवकाश घोषित किया है। इन दो दिन शुक्रवार और चतुर्थ शनिवार को न्यायालयों में अवकाश रहेगा। जबकि 23 मई चतुर्थ शनिवार और 27 जून को जनपद न्यायालय रामपुर में कार्य दिवस रहेगा। 24 और 25 अप्रैल की वादों की पत्रावलियों की 27 अप्रैल को सुनवाई होगी।

### 21 को पेंशनर्स करेंगे धरना प्रदर्शन

**रामपुर, अमृत विचार :** अंबेडकर पार्क में गुरुवार को सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक में हस्ताक्षर अभियान पर चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष एनपी सिंह में संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि 250 हस्ताक्षर हो चुके हैं। 21 अप्रैल को होने वाले धरना प्रदर्शन को सफल बनाने पर जोर दिया। भगवान दास ने कहा कि पेंशनर्स हैं इसलिए अधिक संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारी धरना प्रदर्शन में पहुचेंगे। इजसराज सिंह ने 10 सूत्रीय मांग पत्र पढ़कर सुनाया। परवेज अहमद खान, हरिद्वारी लाल, ओमवीर सिंह, भगवान दास, सज्जन खान, बीडी शर्मा, राजपाल सिंह, रईस अहमद, मेवाराम, अख्तर अली आदि रहे। अध्यक्षता राममोहन सक्सेना ने संचालन जसराज सिंह सागर ने किया।

# ट्रैक्टर पलटने से चालक की नीचे दबकर मौत

**सैफनी, अमृत विचार :** गुरुवार को थाना क्षेत्र के बैरुआ गांव में ट्रैक्टर ट्रॉली से गेहूं भर कर घर लौटते समय ट्रैक्टर की पिन टूटने से चालक ट्रैक्टर के नीचे दब गया जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार बैरुआ गांव निवासी सोमपाल (40 वर्ष) पुत्र जीवा राम अपनी ट्रैक्टर ट्राली से रफी अहमद पुत्र छोटे के खेत से गेहूं लादकर घर ला रहे थे। बताया कि रास्ते में अचानक ट्रैक्टर के पीछे लगी पिन टूट गई जिसके कारण ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और अनियंत्रित होकर पलट गया ट्रैक्टर पलटते ही सोमपाल उसके नीचे दब गए। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन-फानन में उन्हें बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनके सिर में गंभीर चोट आ चुकी थी। परिजनों ने उन्हें निजी अस्पताल में दिखाया तो डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि हादसा इतना अचानक हुआ कि किसी को संभलने का मौका भी नहीं मिला।

# जनसुनवाई में 3 माह के बीमार शिशु को मिला आयुष्मान कार्ड

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


जनता दर्शन में आयुष्मान कार्ड सौंपते हुए जिलाधिकारी।

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में आयोजित जनता दर्शन में बिलासपुर के ग्राम रम्पुरा बुजुर्ग से आए एक दंपत्ति को उनके तीन माह के बीमार शिशु के इलाज के लिए तत्काल प्रभाव से आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया गया।

तहसील बिलासपुर के ग्राम रम्पुरा बुजुर्ग से आए आरिफ एवं उनकी पत्नी फरहीना का रहा। यह दंपत्ति अपने महज तीन महीने के बीमार बच्चे के इलाज की गुहार लेकर जिलाधिकारी के समक्ष पहुंचा। मामले की गंभीरता और परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए डीएम ने तुरंत मामले का संज्ञान लिया। उनके निर्देश पर मौके पर ही दंपत्ति को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया, ताकि बच्चे के इलाज में आर्थिक बाधा न आए। इसके अलावा स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज, राशन कार्ड में नाम दर्ज कराने की गुहार, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान की मांग, रुकी हुई पेंशन चालू कराने और पुराने भूमि विवादों से जुड़े मामले आए। जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी प्रकार की हीलाहवाली स्वीकार नहीं की जाएगी। जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली हर शिकायत की अब नियमित तौर पर समीक्षा की जाएगी। यदि किसी भी स्तर पर या किसी भी अधिकारी द्वारा लापरवाही बरती जाती है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# शाहबाद, टांडा और बिलासपुर एमओआईसी का वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड को लेकर विकास कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। जननी सुरक्षा योजना में खराब प्रगति पाए जाने पर जिलाधिकारी ने शाहबाद, बिलासपुर एवं टांडा के एमओआईसी का वेतन बाधित करने के निर्देश दिए।

वहीं सीएम युवा उद्यमी योजना में अपेक्षित प्रगति न होने पर जीएमडीआईसी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। फैमिली आईडी की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन परिवारों के राशन कार्ड नहीं बने हैं, उनका एक सप्ताह के भीतर सर्वे कर फैमिली आईडी बनाना सुनिश्चित करें। साथ ही अपात्र व्यक्तियों के अन्त्योदय कार्ड निरस्त कर पात्र लाभार्थियों को जोड़े जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जीरो पावर्टी अभियान के अंतर्गत सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे अपनी योजनाओं की नियमित समीक्षा करें, जिससे कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। इसके अतिरिक्त, 50 लाख रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देशित किया कि पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को शीघ्र संबंधित विभाग को हस्तांतरित किया जाए। साथ ही नोडल अधिकारियों को समय-समय पर समीक्षा बैठक आयोजित कर प्रगति की निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# हाईटेंशन लाइन से टकराया डंपर, 22 घंटे बिजली ठप

**ढकिया, अमृत विचार:** कस्बा ढकिया की मैन मार्केट में बुधवार रात करीब नौ बजे तेज रफ्तार डंपर ने शाहबाद आसफपुर मार्ग पर सड़क किनारे लगे 11000 की विद्युत लाइन के खंभे को टक्कर मारकर तोड़ दिया। गनीमत रही कि इस दौरान मैन मार्केट में आवाजाही कम थी, जिसके कारण बड़ा हादसा होने से बालबाल बच गया। खंभा टूट जाने के बाद ढकिया की बिजली ठप हो गई। बृहस्पतिवार सुबह दिन निकलने पर बिजली निगम के जेई राजेद्र सिंह लाइन मैनों को साथ लेकर मौके पर पहुंचे और दूसरा खंभा लगाकर शाम को सात बजे ढकिया की बिजली सुचारू कराई। करीब 22 घंटे ढकिया कस्बा की बिजली ठप रहने के कारण उपभोक्ताओं को गर्मी के मौसम में परेशानी का सामना करना पड़ा।

# एडवांस जमा, फिर भी स्मार्ट मीटर से बिजली हो रही ठप


स्मार्ट मीटर हटवाए जाने के लिए प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपती महिलाएं।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या दो की सभासद नुजहत जहां ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।

ज्ञापन में कहा कि उनके वार्ड में प्रीपेड मीटर लगने से लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। उपभोक्ताओं का एडवांस पैसा जमा होने के बावजूद उनकी विद्युत आपूर्ति को बाधित कर दिया जाता है। मांग है कि प्रीपेड मीटर हटवाकर पोस्टपेड मीटर लगवाए जाएं। सभासद वार्ड के लोगों के साथ गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचीं और ज्ञापन सौंपा। मांग है कि प्रीपेड मीटर हटवाकर पोस्टपेड मीटर लगवाया जाए ताकि लोगों की विद्युत आपूर्ति ठप नहीं हो और वे पोस्टपेड मीटर का बिल जमा करते रहेंगे।

# संपर्क क्रांति में लूटकांड के दूसरे दिन भी पुलिस के हाथ खाली

संवाददाता, बिलासपुर

● पुलिस सुरक्षा के बीच कराया ट्रेनों का आवागमन

**अमृत विचार:** संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में दिनदहाड़े गन प्वाइंट पर हुई सनसनीखेज लूट के मामले में पुलिस के हाथ दूसरे दिन भी खाली रहे। बदमाशों की तलाश में जीआरपी, आरपीएफ और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमों ने आनंदनगर के पास के जंगलों में घंटों सघन कांबिंग की, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा। फिलहाल, ट्रेनों का आवागमन भारी पुलिस सुरक्षा के बीच कराया जा रहा है।

बुधवार की सुबह जब संपर्क क्रांति एक्सप्रेस रुद्रपुर से दिल्ली की ओर जा रही थी, तभी बिलासपुर स्टेशन से करीब एक किलोमीटर पहले आनंदनगर के पास तीन हथियारबंद बदमाश ट्रेन के डिब्बे में घुस आए थे। बदमाशों ने रुद्रपुर के एक व्यापारी के दो कर्मचारियों की कनपटी पर तमंचा सटाकर उनसे रुपयों से भरा बैग छीन लिया था। हालांकि मामले में सात लाख रुपये नहीं, ढाई लाख लूटने की बात सामने आई है।विरोध करने और दहशत फैलाने के लिए बदमाशों ने हवाई फायरिंग भी की थी, जिससे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई थी। पीड़ित कर्मचारियों के अनुसार, बदमाशों ने वारदात को अंजाम देने के लिए उस जगह को चुना जहां ट्रेन एक तीव्र मोड़ पर बहुत धीमी हो जाती है। जैसे ही रफ्तार कम हुई, बदमाश हवाई फायरिंग करते हुए बैग लेकर झाड़ियों और पास के जंगलों में ओझल हो गए थे। दिनदहाड़े चलती ट्रेन में हुई इस बड़ी वारदात ने रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेलवे पुलिस के सुरक्षा दावों की पोल खोलकर रखी दी है। घटना के बाद से ही क्षेत्र के व्यापारियों और रेल यात्रियों में भय का माहौल है। लोगों का कहना है कि अगर सुरक्षित माने जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों में भी ऐसी वारदातें होंगी, तो यात्री खुद को सुरक्षित कैसे समझेंगे। जीआरपी अधिकारियों के अनुसार, संदिग्धों की धरपकड़ के लिए अलग-अलग गठित की गई टीमें छापेमारी कर रही हैं। आसपास के इलाकों और रेलवे ट्रैक के पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस को शक है कि बदमाशों को व्यापारी के कर्मचारियों द्वारा भारी नकदी ले जाने की पहले से सूचना थी। रुद्रपुर के रेलवे स्टेशन समेत अन्य स्थानों पर भी सीसीटीवी खंगाले गए हैं।

# जीएसटी में करोड़ों की हेराफेरी करने वाला गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** जीएसटी की करोड़ों रुपये की चोरी करने के मामले में अपराध शाखा एवं सर्विलांस की संयुक्त टीम ने जिला मुरादाबाद के थाना कांठ के ग्राम बेगमपुर निवासी मोहसिन उद्दीन को गिरफ्तार कर कार्रवाई कर दी है। मोहसिन के पास से दो लैपटॉप, एक मोबाइल, की पेड, 52 सिम कार्ड एवं अन्य प्रपत्र बरामद हुए हैं। राज्यकर खंड-1 के उपायुक्त संदेश कुमार जैन ने 4 अक्टूबर 2025 को थाना गंज में जीएसटी प्रपत्रो में हेराफेरी व जालसाजी कर असल के रूप में प्रयोग करना एवं राज्य सरकार के करोड़ों रुपये की जीएसटी चोरी कर जमा न करने के सम्बंध में अकील मियां, समर्पण जैन और जिया के खिलाफ मामला दर्ज कराया था।

# बाबा साहब डॉ. आंबेडकर ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया न्याय: पाल

कार्यालय संवाददाता रामपुर


भाजपा कार्यालय में आयोजित गोष्ठी में मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

● भाजपा कार्यालय में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर हुई संगोष्ठी

**अमृत विचार :** राम विहार स्थित भाजपा कार्यालय में गुरुवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर विधानसभा संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्यातिथि पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश सरकार उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और समान अवसर पहुंचाने का मार्ग दिखाया।

उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कि हम उनके विचारों को केवल याद न करें, बल्कि उन्हें अपने व्यवहार और नीतियों में उतारें। प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार बाबा साहेब के सपनों को साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। विशिष्ट अतिथि उप्र महिला आयोग सदस्य सुनीता सिंह सैनी ने कहा कि बाबा साहब ने महिलाओं को जो अधिकार और सम्मान दिलाया, वह आज के भारत की सबसे बड़ी ताकत है। महिलाओं का सशक्तिकरण ही समाज के समग्र विकास की कुंजी है। संगोष्ठी का संचालन जिला उपाध्यक्ष कुंवर बहादुर राजपूत ने किया। कार्यक्रम में सामाजिक समरसता, समानता एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष विवेक रुहेला, पारुल गुप्ता, रघुवीर सिंह जाटव, प्रमोद आहूजा, राजीव मांगलिक, अनुज सक्सेना, ऋषभ ठाकुर, बाकर खान, विक्रम सिंह, पूजा शर्मा, लाल सिंह प्रजापति, मान सिंह लोधी, गंगा शरण सैनी, रामवीर सिंह लोधी, जागरण सिंह लोधी, रामावतार सागर, मुकेश राजपूत, माखनलाल सैनी आदि रहे।

# आंबेडकर जयंती पर संगोष्ठी में समरसता का दिया संदेश

**मसवासी, अमृत विचार:** स्वार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत मसवासी परिसर में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के सम्मान में संगोष्ठी हुई। वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन, संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उप्र महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी ने कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं। उन्होंने सामाजिक समरसता, समानता और न्याय के मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत मसवासी के अध्यक्ष दिनेश गोयल ने की। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप अरोड़ा, सिंचाई बंधु के जिला उपाध्यक्ष राजकुमार चौहान, भाजपा जिला मंत्री पंकज सैनी आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### विधायक ने सीएचसी का निरीक्षण किया

**शाहबाद, अमृत विचार :** गुरुवार को शाहबाद-मिलक विधानसभा क्षेत्र की विधायक राजबाला सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। विधायक ने वार्डों में जाकर भर्ती मरीजों से मुलाकात की और उन्हें मिल रही चिकित्सा सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मरीजों से सीधे संवाद कर उपचार, दवाओं की उपलब्धता और डॉक्टरों के व्यवहार को लेकर फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने सफाई व्यवस्था में सुधार की जरूरत जताते हुए सीएचसी अधीक्षक डॉ. मोहित रस्तोगी को निर्देश दिए कि अस्पताल परिसर में स्वच्छता को प्राथमिकता दी जाए और मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस मौके पर विधायक पति दिलीप सिंह लोधी, एसडीएम आशुतोष कुमार, तहसीलदार अमित कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे।



### योग प्रशिक्षकों ने नवागत प्रभारी आयुर्वेदिक अधिकारी का किया स्वागत

**रामपुर, अमृत विचार :** गुरुवार को योग प्रशिक्षक संघ रामपुर द्वारा नवागत क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. मनोज कुमार आर्य का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। उन्होंने कार्यभार ग्रहण करने के बाद जिले के योग प्रशिक्षकों की पहली बैठक ली। डॉ. मनोज कुमार आर्य ने कहा कि योग 2026 की थीम 365 दिन योग के तहत विभाग की योजनाओं का प्रचार प्रसार करना हमारी पहली प्राथमिकता है, लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, ज्यादा से ज्यादा लोगों को योगाभ्यास कराना, सोशल मीडिया के माध्यम से भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना ये हमारी प्राथमिकता रहेगी। इस दौरान जिला प्रोग्राम अधिकारी प्रेम कुमार मौर्य, योग प्रशिक्षक रामू मौर्य, प्रतीक्षा सक्सेना, ज्योति पांडे, राजीव कुमार प्रजापति, सोनू चौहान, उमेश कुमार, उमाशंकर, भूपराम, निशा गंगवार, अर्चना गुप्ता, सृष्टि पांडे उपस्थित रहे।



### आग से बचाव की जानकारी दी

**स्वार, अमृत विचार :** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर में अग्निशमन सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। वंदना सभा के पश्चात अग्निशमन विभाग की टीम दमकल वाहन के साथ विद्यालय पहुंची और छात्र छात्राओं को आग लगने के कारण एवं उससे होने वाले नुकसान तथा बचाव के उपायों की जानकारी दी। फायरमैन देवेंद्र कुमार, चालक अर्पण राठी, अंकित बालियान व रजत मलिक ने बताया कि छोटी-छोटी लापरवाहियां भी बड़ी आग का कारण बनती हैं। एलपीजी गैस सिलेंडर में आग लगने पर गीले कपड़े, कंबल या बाल्टी से बुझाने का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। रेगुलर की आग तथा सिलेंडर की स्थिति से जुड़े जरूरी सावधानियों की जानकारी भी दी गई। इस दौरान नरोत्तम सिंह मौर्य, ब्रजकिशोर, धर्मेंद्र कुमार, उमेश कुमार लोधी, संजय सिंह, विजेंद्र सिंह, दिलीप कुमार, गौरव सिंह, अनिल कुमार, प्रेमपाल सिंह, लक्ष्मण प्रसाद, डॉ. दीपचंद मौर्य, राधा शर्मा, सुनीता रानी मौर्य, अंजली मौर्य, पूजा टैगोर, श्रीमती कलावती, अर्जुन कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

### जिला सर्वेक्षण के लिए 30 दिन में दे सकते हैं सुझाव

**रामपुर, अमृत विचार :** अपर जिला अधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान ने बताया कि एनफोर्समेंट एंड मॉनिटरिंग गाइडलाइंस फॉर सैंड माइनिंग 2020 के तहत जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट का संशोधन किया गया है। जिसे जिले की वेबसाइट पर 30 दिन के लिए अपलोड किया गया है। लोग अपने सुझाव एवं आपत्तियां दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि बेहतर सुझाव और आपत्तियों को अंतिम रूप से तैयारी की जाने वाली जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में शामिल किया जाएगा। सस्टेनेबल सैंड माइनिंग मैनेजमेंट गाइडलाइंस 2016 तथा एनफोर्समेंट एंड मॉनिटरिंग गाइडलाइंस फॉर सैंड माइनिंग 2020 के तहत पुराने क्षेत्र के साथ-साथ तीन नए क्षेत्रों को सम्मिलित करते हुए संशोधित ड्राफ्ट जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार की गई है। जिसे जिला स्तरीय समिति द्वारा अनुमोदित किया जा चुका है। ड्राफ्ट जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट को लोगों के सुझाव और आपत्तियां लेने के लिए जिले की वेबसाइट https://rampur.nic.in पर 30 दिवस के लिए अपलोड किया गया है। इसके अलावा यह रिपोर्ट अपर जिलाधिकारी प्रशासन के कार्यालय, रामपुर एवं खनिज कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा कराई गई है। प्राप्त होने वाले समस्त सुझावों एवं आपत्तियों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा तथा जो सुझाव और आपत्तियां बेहतर पाई जाएंगी, उन्हें अंतिम रूप से तैयार की जाने वाली जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में सम्मिलित किया जाएगा।

# शाहबाद में नामित तीन सभासदों ने ली शपथ, बोले-विकास को देंगे गति

संवाददाता, शाहबाद


शाहबाद में सभासदों को शपथ दिलाती नगर पंचायत चेयरमैन सुम्बुल वसीम।

**अमृत विचार:** नगर पंचायत शाहबाद में गुरुवार को सरकार द्वारा नामित तीनों सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक राजबाला सिंह मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुईं।

नगर पंचायत परिसर में आयोजित समारोह में चेयरमैन सम्बुल वसीम ने शासन द्वारा नामित सभासद अमित चंद्रवंशी, विनीत लोधी और अर्पित वशिष्ठ को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के दौरान सभासदों ने नगर के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस मौके पर विधायक राजबाला सिंह ने कहा कि सरकार बिना भेदभाव के सभी वर्गों के विकास के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर काम कर रही है। क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शाहबाद नगर पंचायत को नगर पालिका का दर्जा दिलाने के लिए प्रयास जारी रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में चेयरमैन सम्बुल वसीम ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और नव-नामित सभासदों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी सभासद मिलकर नगर के विकास को गति देंगे। इस दौरान ईओ कुमार संजय, सीओ देवकीनंदन, विधायक पति दिलीप लोधी, चेयरमैन पति वसीम खां, सुरेश बाबू गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य मनोज कुमार सिंह, मुकेश चंद गुप्ता, सुभाष भटनागर, गोरे खां आदि मौजूद रहे।

# पूरे दिन चली पंचायत, आखिर जीजा के साथ गई साली

संवाददाता, ढकिया

**अमृत विचार :** प्रेम प्रसंग के चलते साली 12 दिन पूर्व अपने जीजा के साथ फरार हो गई थी। पत्नी ने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने को ढकिया पुलिस चौकी में तहरीर दी थी। लेकिन पुलिस ने मामले की रिपोर्ट तो दर्ज नहीं की। मगर साली को भगाकर ले जाने वाले जीजा के कुछ समर्थकों पर पुलिस ने दबाव बनाकर कल घर से भागकर गए जीजा साली को ढकिया पुलिस चौकी बुला लिया।

जीजा साली के पुलिस चौकी आ जाने पर ढकिया चौकी प्रभारी विनेश कुमार ने जीजा के साथ भागी साली के पिता उसकी मां और उसके रिश्तेदारों को भी सूचना देकर ढकिया चौकी बुला लिया। ढकिया पुलिस चौकी में साली ने साफ शब्दों में कह दिया कि वह जीजा के साथ ही रहेगी। जीजा के अलावा वह किसी और के साथ किसी भी कीमत पर रहने को तैयार नहीं है। जबकि जीजा के साथ भागी लड़की के पिता, मां और उसकी बहन रो रोकर उसके आगे पूरे दिन गिड़गिड़ाते रहे। लेकिन जीजा के साथ भागी साली ने किसी की एक न सुनी। बुधवार रात करीब नौ बजे जीजा साली को अपनी जिद पर अडे. देख ढकिया पुलिस ने आखिरकार साली को उसके जीजा के साथ भेज दिया। हालांकि ढकिया चौकी प्रभारी विनेश कुमार का कहना है कि चौकी में महिला सिपाही न होने के कारण जीजा साली को उनके घर भेज दिया था। जीजा के साथ भागी साली के कोर्ट में बयान कराए जाएंगे। क्योंकि जीजा के साथ भागी साली बालिग और शादीशुदा है और उसके तीन बच्चे भी है। कोर्ट में बयान के बाद महिला जिसके साथ चाहेगी उसके साथ जा सकती है।

न्यूज ब्रीफ

## 12 बीघा गेहूं की फसल जलकर हुई राख

**संभल,अमृत विचार :** तहसील गुन्नौर के थाना जुनावई क्षेत्र के गांव लतीफपुर धीर के जंगल में गुरुवार को ट्यूबवेल के शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी ने भीषण आग का रूप ले लिया। आग की चपेट में आकर करीब 12 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार खेत में लगे ट्यूबवेल को चालू करते समय निकली चिंगारी सूखी गेहूं की फसल पर गिर गई, जिससे आग तेजी से फैल गई। गांव निवासी बॉबी के दो बीघा और विजेंद्र की10 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने एकजुट होकर करीब तीन घंटे तक लगातार प्रयास कर आग बुझाई।

## हादसे में घायल किशोर की इलाज के दौरान मौत

**संभल/मनोटा,अमृत विचार :** एचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर सिरपुड़ा निवासी लकी (16) अपने साथी कुलदीप के साथ बाइक से किसी कार्य से सैद नगली जा रहा था। जैसे ही दोनों युवक पाकबड़ा–नगली रोड पर गांव चितावली के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी। लकी का इलाज चल रहा था, गुरुवार को उसकी मौत हो गई।

## जयंत सोमपुरा को दी श्रद्धांजलि

**संभल,अमृत विचार :** श्री कल्कि धाम में गुरुवार को गुजरात के राजकोट निवासी इंजीनियर जयंत भाई सोमपुरा का निधन उनके पैतृक गांव राजकोट में हो गया था। वह श्री कल्कि धाम के निर्माण कार्य से जुड़े हुए थे। बताया गया कि जयंत भाई सोमपुरा कुछ दिन पूर्व अपने पैतृक निवास राजकोट गए थे, वहां उनका निधन हो गया। श्री कल्कि पीठाधीश्वर श्रीमद् जगद्गुरु आचार्य प्रमोद कृष्णम ने श्रद्धांजलि अर्पित की। आचार्य ने घोषणा की कि जयंत भाई सोमपुरा के बच्चों की शिक्षा की पूरी जिम्मेदारी श्री कल्कि धाम द्वारा वहन होगी। सत्यानंद योगेश्वर त्यागी, सुधीर चाहल, लवकुश शर्मा रहे।

## धार्मिक नारे लगाने पर दो के खिलाफ कार्रवाई

**चंदौसी,अमृत विचार :** आंबेडकर शोभा यात्रा में धार्मिक नारे लगाए गए। इसकी वीडियो शहर में वायरल हो रही है। 14 अप्रैल को आंबेडकर शोभायात्रा के दौरान एक समुदाय द्वारा धार्मिक नारे लगाए गए। जिसकी वीडियो शहर में वायरल हो रही थी। पुलिस ने वीडियो के आधार पर एक सभासद समेत तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के बाद सभासद को छोड़ दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अतिक्रमणकारियों से वसूला जाएगा जुर्माना, डीएम ने दिए निर्देश, की जा रही मामले की जांच

# छह करोड़ से अधिक की सरकारी भूमि से हटाया कब्जा

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** जनपद संभल के बिछौली गांव में सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने के बाद अब प्रशासन अतिक्रमणकारियों पर सख्ती बढ़ाने जा रहा है। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि जमीन से कब्जा हटाने के बाद कब्जा करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ अर्थदंड की कार्रवाई की जाएगी।

बिछौली गांव में प्रशासनिक कार्रवाई का जायजा लेने पहुंचे डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि गांव में करीब एक हेक्टेयर सरकारी भूमि, जिसकी अनुमानित कीमत साढ़े छह करोड़ रुपये से अधिक है। इस जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण किया गया था। प्रशासन ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए इस भूमि को कब्जामुक्त करा लिया है। उन्होंने कहा कि कार्रवाई से पहले प्रशासन ने संबंधित पक्षों को पर्याप्त अवसर दिया था कि वे अपने स्वामित्व का दावा प्रस्तुत करें, लेकिन अर्थदंड के डर या अन्य कारणों से कोई भी व्यक्ति आगे नहीं आया। उन्होंने बताया कि अवैध अतिक्रमण के मामलों में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 67 के तहत तहसीलदार न्यायालय में विधिक प्रक्रिया अपनाई जाती है। इसी प्रक्रिया के तहत बिछौली गांव में भी पहले पैमाइश कर रिपोर्ट तैयार की गई और फिर न्यायालय के आदेश पर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। डीएम ने कहा कि अब प्रशासन द्वारा अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों की पहचान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। चिन्हित किए गए लोगों पर यह देखते हुए अर्थदंड लगाया जाएगा कि उन्होंने कितने समय से भूमि पर कब्जा किया हुआ था और संबंधित भूमि की अनुमानित कीमत क्या है। बताया कि जनपद में अवैध कब्जों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाएगा और जहां-जहां सरकारी भूमि पर अतिक्रमण पाया जाएगा, वहां इसी प्रकार की कार्रवाई की जाएगी।


संभल के बिछौली गांव में सरकारी जमीन पर बनी ईदगाह को तोड़ते बुलडोजर।


बिछौली गांव में राजस्व अधिकारियों से जानकारी लेते डीएम व एसपी।

**विकास कार्यों में होगा भूमि का उपयोग :** कब्जामुक्त कराई गई भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिले में लैंड बैंक तैयार किया जा रहा है। इसका उद्देश्य यह है कि ग्राम समाज की भूमि का उपयोग गांव के विकास कार्यों के लिए और नगर की भूमि का उपयोग नगरवासियों के हित में किया जा सके। डीएम ने कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में न केवल कब्जा हटाया जाएगा, बल्कि संबंधित लोगों के खिलाफ आर्थिक दंड और अन्य कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

## भारी पुलिस बल रहा तैनात, प्रत्येक गतिविधि पर रही नजर


बिछौली गांव में तैनात पुलिस व आरआरएफ जवान।

**संभल, अमृत विचार :** बिछौली गांव में सरकारी भूमि पर बने इमामबाड़ा और ईदगाह पर प्रशासन ने शुक्रवार को बुलडोजर चलाकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। इस दौरान गांव में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। भारी पुलिस बल तैनात रहा। कार्रवाई के दौरान चार थानों की पुलिस के साथ बड़ी संख्या में पीएसी और आरआरएफ के जवान मौके पर मौजूद रहे। वहीं एक इंस्पेक्टर के नेतृत्व में महिला पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई। जिस स्थान पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई चल रही थी, वहां आसपास के मकानों की छतों पर भी पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया, ताकि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रहे। वहीं गांव की निवासी महिला जुबैदा ने कार्रवाई पर आपत्ति जताते हुए कहा कि यह स्थल सभी समुदायों के लोगों के लिए उपयोगी था, जहां लोग ठहरते थे और नमाज अदा करते थे। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि कार्रवाई सभी के लिए समान रूप से होनी चाहिए।

### बोलीं एसडीएम

एसडीएम निधि पटेल ने बताया कि बिछौली गांव में गाटा संख्या 1240 और 1242 की जमीन राजस्व अभिलेखों में सार्वजनिक उपयोग के लिए दर्ज है। इन जमीनों पर किसी प्रकार का स्थायी निर्माण या अतिक्रमण वैध नहीं है। उन्होंने बताया कि उक्त भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण किया गया था, जिसके संबंध में तहसीलदार न्यायालय द्वारा पहले ही बेदखली के आदेश जारी किए गए थे। उसी आदेश के अनुपालन में यह कार्रवाई की गई है।

# शीला ने प्रेमी के साथ मिलकर की थी पति की हत्या

### समधी के साथ शीला का कई वर्षों से था प्रेम प्रसंग, पत्नी की हरकत का नरेश करता था विरोध, गला दबाकर की हत्या

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव भिरावटी में किसान नरेशपाल की हत्या का पुलिस ने 24 घंटे में कर दिया है। नरेश की हत्या उसकी पत्नी शीला और समधी ने गला दबाकर की थी। मृतक की पत्नी और समधी के बीच कई वर्षों से प्रेम संबंध थे। नरेश इसका विरोध करता था। इसी से नाराज होकर दोनों ने नरेश की हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। पुलिस पूछताछ में महिला और उसके प्रेमी ने हत्या करना स्वीकार कर लिया है।

तहसील गुन्नौर के थाना धनारी क्षेत्र अंतर्गत गांव भिरावटी निवासी 45 वर्षीय किसान नरेश का शव बुधवार सुबह खेत में मिला था, जहां वह फसल की रखवाली के लिए सो रहा था। बुधवार सुबह करीब 8:30 बजे परिजनों ने उसे मृत अवस्था में देखा तो घर में कोहराम मच गया। नरेश की पत्नी शीला ने अपने चचेरे देवर सहित अन्य लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। लेकिन पुलिस ने जब मामले की गहनता से जांच की और ग्रामीणों से पूछताछ की, तो कहानी पूरी तरह बदल गई। संदेह के आधार पर जब पुलिस ने शीला को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की, तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने शीला और उसके प्रेमी समधी सत्यपाल को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।


पुलिस गिरफ्त में पति की हत्यारोपी शीला व उसका समधी सत्यपाल। ● अमृत विचार

### अमृत विचार ने जताई थी प्रेम संबंधों में हत्या की वजह

पुलिस ने गुरुवार को किसान नरेश की हत्या का खुलासा कर अवैध संबंधों का विरोध करने पर पत्नी व समधी द्वारा हत्या करने की बात साफ की उससे पहले अमृत विचार ने गुरुवार के अंक में किसान नरेश की हत्या को लेकर प्रकाशित खबर में साफ कर दिया था कि भले ही किसान की पत्नी जमीन के विवाद में हत्या की बात कह रही है लेकिन हत्या की वजह अवैध संबंध के विरोध का मामला हो सकता है। गुरुवार को पुलिस के खुलासे से अमृत विचार की खबर पर मुहर लग गई है।

### कई दिन पहले रची थी हत्या की साजिश

पुलिस को सत्यपाल ने बताया कि उसे पता था नरेश अपने खेत पर ही रात में रुकता है। इसलिए वहीं पर उसकी हत्या करना आसान लगा। शीला से जब उसने इस संबंध में बात की। इसके बाद दोनों ने नरेश की हत्या की साजिश की। मंगलवार रात को जब नरेश खेत पर था। उससे पहले ही सत्यपाल अपने गांव से आकर खेतों में छिप गया। रात को योजना के मुताबिक शीला भी खेत पर पहुंच गई। इसके बाद सत्यपाल और शीला ने मिलकर नरेश का गला गमछा से दबा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। नरेश ने चीखने का प्रयास किया, लेकिन दोनों ने चीखने का मौका नहीं दिया। हत्या के बाद सत्यपाल रात को ही अपने गांव चला गया। जबकि शीला अपने घर वापस आ गई। इसके बाद जब सत्यपाल घर नहीं आया तो सुबह खेत पर पहुंचकर शीला ने हत्या की कहानी रचते हुए चचेरे देवरों पर हत्या का आरोप लगा दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी नरेश की गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है। पुलिस लाइन में हुई प्रेसवार्ता में एसपी केके बिश्नोई, एएसपी दक्षिणी मनोज कुमार रावत और सीओ बहजोई डॉ. प्रदीप कुमार भी मौजूद रहे।

### महिला और सत्यपाल के बीच थे अवैध संबंध

पुलिस की पूछताछ में शीला ने बताया कि उसके बेटे उसके बेटे किरण पाल की शादी उधरनपुर अजमतनगर निवासी सत्यपाल की बेटी गुड्डो से हुई थी। सत्यपाल की पत्नी की कई वर्ष पहले मौत हो चुकी है। इसके बाद सत्यपाल नरेश के घर पर आने जाने लगा। इसी दौरान नरेश की पत्नी शीला और सत्यपाल के बीच नजदीकियां बढ़ गईं। दोनों के बीच बने अवैध संबंधों का नरेश विरोध करने लगा था। इसी को लेकर सत्यपाल और शीला ने खौफनाक साजिश रची और नरेश की हत्या कर दी थी।

- पुलिस ने आरोपी शीला और उसके प्रेमी समधी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

### पुलिस को गुमराह करने को रोती रही शीला

बुधवार को जब नरेश की लाश खेत पर पड़ी मिली तो पति को शव देखते ही पत्नी शीला दहाड़ें मारकर रोने लगी थी। वह बेसुध हो रही थी तो परिवार की महिलाएं उसे संभाल रही थीं। अब मामले का खुलासा हुआ और पति की हत्या के इल्जाम में शीला सलाखों के पीछे पहुंची तो गांव के लोग कह रहे हैं कि पति की मौत के बाद जिस तरह शीला ने रोना बिलखना किया उसे देखकर यह अंदाजा नहीं लगाया जा सकता था कि जो महिला बिखल रही है उसी ने खुद पति की जान ली है।

> नरेशपाल की हत्या का खुलासा पुलिस ने 24 घंटे में कर दिया है। हत्याकांड में मृतक की पत्नी और समधी शामिल थे। दोनों ने पूछताछ में अपना गुनाह स्वीकार कर लिया है। पूछताछ के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया।
> – **कृष्ण कुमार बिश्नोई**, एसपी, संभल।

## गेहूं खरीद और राशन व्यवस्था की समीक्षा की

**संभल, अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा, रिक्त दुकानें एवं खाद्य विपणन मंडी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में गेहूं खरीद, राशन वितरण व्यवस्था व योजनाओं पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान क्रय केंद्रों पर हो रही गेहूं खरीद की स्थिति की समीक्षा की गई। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी संजीव राय ने बताया कि जनपद में अब तक 854.32 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। इस पर डीएम ने निर्देश दिए कि खरीद प्रक्रिया को और तेज किया जाए तथा पिछले वर्ष की तुलना में अधिक खरीद सुनिश्चित की जाए। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) प्रदीप वर्मा ने कोटेदारों को वितरित किए जा रहे बोरों की जानकारी ली। पीसीएफ के जिन केंद्रों पर खरीद शून्य रही, उनके संबंध में जानकारी प्राप्त कर जिलाधिकारी ने ऐसे केंद्रों को चेतावनी देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि गेहूं खरीद के दौरान किसी भी किसान को परेशान न किया जाए।

## समाज को दिशा दे रहे डॉ. आंबेडकर के विचार


कार्यक्रम में शामिल राज्य मंत्री गुलाब देवी व अन्य। ● अमृत विचार

**चंदौसी, अमृत विचार:** चंदौसी विधानसभा क्षेत्र में संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जी के सम्मान में अंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत गुरुवार को ब्लाक बनियाखेड़ा परिसर मे संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि डॉ. आंबेडकर के विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठजनों जगदीश बाल्मीकि फरीदपुर खास, रामोतार जाटव, अलावल भाटोर, वीरपाल जाटव, कोकावास, बाबू राम दिवाकर, सोहनलाल बाल्मीकि, रसूलपुर कैली, कालीचरण दिवाकर, नरेंद्र प्रधानाचार्य आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साध्वी गीता प्रधान ने की।

## श्रमिकों को नहीं मिल रही न्यूनतम मजदूरी

- सरकार भी नहीं कर रही हस्तक्षेप, नोएडा आंदोलन पर यूपी सरकार को घेरा

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार :** सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने नोएडा में चल रहे आंदोलन को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार पर हमला बोला है। कहा कि मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी तक नहीं मिल रही है, जिसके चलते इतना बड़ा आंदोलन हुआ है, लेकिन सरकार निष्क्रिय बनी है।

संभल में पूर्व मंत्री अकीलुर्रहमान खां के बेटे की शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे इमरान मसूद ने पत्रकारों से बातचीत में नोएडा में हुई हिंसा और आंदोलन को लेकर कहा कि देश में मजदूर वर्ग बेहद परेशान है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा तय न्यूनतम मजदूरी तक श्रमिकों को नहीं मिल पा रही है, जबकि इसकी गारंटी दी गई थी। इसी वजह से लोगों में आक्रोश है और आंदोलन तेज हो रहा है। सरकार को इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए और बड़ी फैक्ट्रियों में यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मजदूरों को तय मानकों के अनुसार न्यूनतम मजदूरी मिले। बसपा सुप्रीमो मायावती द्वारा अखिलेश यादव पर दिए गए बयान को लेकर भी इमरान मसूद ने कहा कि दलितों के हितों की बात करने वाली बहनजी आज घर से बाहर नहीं निकल रही हैं।


इमरान मसूद का अभिवादन करते पूर्व मंत्री अकीलुर्रहमान खां। ● अमृत विचार

## छेड़छाड़ के दोषी को चार वर्ष कारावास की सजा

**चंदौसी, अमृत विचार:** थाना गुन्नौर के एक गांव निवासी व्यक्ति के अनुसार उसकी नाबालिग पुत्री 21 मार्च 2019 की शाम चार बजे खेत पर जा रही थी। इसी दौरान गांव के भुवनेश ने उसका हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की कर दी। पीड़िता ने घर आकर अपने पिता को बताई। पिता ने आरोपी के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

मुकदमे की सुनवाई जिला न्यायालय स्थित अपर एवं सत्र न्यायाधीश व विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत में हो रही थी। जबकि पीड़ित पक्ष की ओर से एडीजीसी नरेंद्र यादव द्वारा पैरवी की गई। गुरुवार को दोनों पक्षों की दलील सुनने के न्यायालय ने आरोपी को दोषी माना। दोषी मानते हुए उसे चार वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है और दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

## फर्जी क्लीनिकों पर प्रशासन की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** संभल के शहबाजपुर खुर्द क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर चल रहे गड़बड़झाले पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार के नेतृत्व में हुई छापेमारी में दो क्लीनिकों में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं, जिसके बाद एक क्लीनिक का ऑपरेशन थिएटर सील कर दिया गया, जबकि दूसरे को कड़ी चेतावनी दी गई है।

छापेमारी के दौरान जलालपुर रोड स्थित नायब क्लीनिक पर कोई चिकित्सक उपस्थित नहीं मिला, जबकि पवन नामक व्यक्ति कंपाउंडर के रूप में कार्य करता मिला। उसने बताया कि क्लीनिक का संचालन डॉ. मो. आलम और डॉ. हिना द्वारा किया जाता है, जो बीयूएमएस डिग्रीधारी हैं। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में भारी गंदगी पाई गई और 5-6 बेड लगे हुए मिले। मौके पर दो मरीज भर्ती मिले, जिन्हें आईवी इंजेक्शन दिए जा रहे थे, जबकि नियमों के अनुसार बीयूएमएस चिकित्सकों को इस प्रकार के इंजेक्शन देने की अनुमति नहीं है। गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए ओटी रूम और डॉक्टर के चैंबर को सील कर दिया तथा भर्ती मरीजों को अन्य अस्पताल में शिफ्ट कराने के निर्देश दिए। साथ ही नोडल अधिकारी क्वैक्स को थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। नगर मजिस्ट्रेट ने जनता क्लीनिक का भी निरीक्षण किया। यहां डॉ. जावेद मौजूद मिले, जिनके पास इलेक्ट्रो-होम्योपैथी और एक्यूपंक्चर की योग्यता है, लेकिन वे एलोपैथिक दवाओं और इंजेक्शन का प्रयोग करते पाए गए। क्लीनिक एक बेड के लिए पंजीकृत था, जबकि मौके पर 7 बेड पाए गए, जिन्हें तुरंत हटवा दिया गया। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर के लेटर पैड पर 'एमडी' अंकित पाया गया, जिस पर उन्होंने सफाई देते हुए बताया कि यह 'एमडी (ईएच)' है, जो प्रिंटिंग त्रुटि के कारण अधूरा छप गया।


अस्पताल में रखी दवाओं को देखते सिटी मजिस्ट्रेट। ● अमृत विचार

## एक साल के मासूम का अपहरण

**इस्लामनगर, अमृत विचार:** सहसवान रोड स्थित एक बारात घर में आयोजित शादी समारोह के दौरान अज्ञात महिला ने एक साल के बच्चे का अपहरण कर लिया। पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

थाना क्षेत्र के मईकला निवासी एक व्यक्ति की बेटी की शादी समारोह में संभल जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के गांव सिरसा निवासी शांति पत्नी भूकन अपने एक साल के बेटे सौरव के साथ शामिल होने आई थीं। जयमाला कार्यक्रम के दौरान शांति अपने बच्चे को हॉल के एक कमरे में सुलाकर कार्यक्रम में चली गईं। इसी दौरान मेहमान बनी एक संदिग्ध महिला कमरे से बच्चे को उठा ले गई। वह खुद को वधु पक्ष का करीबी बताकर भरोसा जीतती रही। उसने बच्चे की बुआ से दोस्ती की। फोटो खींचने के बहाने अपना संपर्क स्थापित किया। बाद में व्हाट्सएप पर फोटो भेजकर अपना नंबर भी डिलीट कर दिया।

न्यूज डायरी

### डा. आंबेडकर के विचार प्रदान करते हैं मार्गदर्शन



**संभल,अमृत विचार :** महात्मा गांधी मेमोरियल कॉलेज में प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. योगेंद्र सिंह के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. निलेश कुमार ने आंबेडकर के जीवन, संघर्ष और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि कवि राहुल किशोर ने आंबेडकर के शिक्षा और सामाजिक सुधार के कार्यों की सराहना करी। विशिष्ट अतिथि सोहित गौतम ने बाबा साहेब को एक महान समाजसेवी और न्याय के प्रणेता बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. आबिद हुसैन ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अजय कुमार ने कहा कि अंबेडकर जयंती हमें उनके मूल्यों और विचारों को याद करने का अवसर देती है। प्रो. निरंकार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. मोहम्मद अहमद ने किया।



### कूड़े के ढेर में लगी आग, दो खोखा जले

**संभल/सौंधन, अमृत विचार :** थाना कैला देवी क्षेत्र के सौंधन मोहम्मदपुर मुख्य बाजार में गुरुवार सुबह कूड़े के ढेर में लगी आग ने अचानक विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते दो खोखा दुकानें जल गईं। गुरुवार सुबह करीब 8 बजे स्थानीय लोगों ने बाजार में स्थित एक खोखा दुकान से धुआं उठता देखा। जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक आग तेजी से फैलने लगी। आग सबसे पहले गांव निवासी मोहम्मद नबी के कपड़े सिलाई के खोखा दुकान में लगी, जहां रखे सिलाई के कपड़े, मशीन और अन्य जरूरी सामान जलकर राख हो गए। आग की लपटें यहीं नहीं रुकीं और पास में स्थित नेपाल उर्फ नेकपाल के मिठाई के खोखे को भी अपनी चपेट में ले लिया। हलवाई के खोखे में रखा काउंटर, ट्रे और अन्य सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। ग्रामीणों के मुताबिक, दोनों खोखों के पीछे कूड़े का ढेर पड़ा हुआ था, जिसमें किसी व्यक्ति द्वारा जलती हुई बीड़ी या सिगरेट फेंक दी गई थी।



### मेधावियों का किया सम्मान, दी बधाई

**रजपुरा,अमृत विचार :** डीएसएम शुगर मिल रजपुरा में हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी बच्चों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मिल प्रबंधन ने बच्चों की उपलब्धियों पर खुशी जताते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में मिल के इंस्ट्रूमेंट इंजीनियर संदीप सक्सेना की बेटी आंशिक सक्सेना ने 98 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद संभल में द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं पावर प्लांट के वरिष्ठ प्रबंधक पंकज गुप्ता के पुत्र अनंत गुप्ता ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। इसके अलावा इंजीनियर मूलचंद शर्मा की बेटी भूमिका शर्मा ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार और संस्थान का नाम रोशन किया। इस अवसर पर यूनिट हेड द्वारा सभी मेधावी बच्चों को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया।

### एएसपी आलोक कुमार को दी गई भावभीनी विदाई

**संभल, अमृत विचार :** पुलिस लाइन बहजोई स्थित सभागार में एएसपी आलोक कुमार के गैर जनपद स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान अधिकारियों ने आलोक कुमार भाटी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। डीएम और एसपी केके बिश्नोई व अन्य अधिकारियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



